दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। बुधवार 03 अप्रैल -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 173 पेज - 08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3









Contact : 5, Km. Mile Stone, Delhi-Meerut Road, (Near RKGITM) Ghaziabad - 201017 rkggs2022@gmail.com, principal.rkggs@gmail.com 9829227051, 9319259106, 9319259108 www.rkggs.com



# पीएम मोदी के रोड शो की तैयारियों में जुटा सिस्टम

## छह अप्रैल को पुलिस लाइन में उतरेगा प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** 6 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के लिए गाजियाबाद में 2024 के चुनाव की घोषणा होने के बाद पहला रोड शो करने के लिए आ रहे हैं। 6 अप्रैल को लेकर उनका कार्यक्रम और रूट लगभग फाइनल कर दिया गया है। प्रधानमंत्री दोपहर बाद यहां मालीवाड़ा चौक से लेकर चौधरी मोड़ तक एक रोड शो निकलेंगे। जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आम जान की सहभागिता रहने वाली है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर मंगलवार से गाजियाबाद में नगर निगम, विद्युत निगम और सिस्टम को संचालित करने वाला सरकारी अमला प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में जुट गया है। शहर की प्रमुख सड़कों को सुंदर बनाने, ग्रीन बेल्ट की साफ-सफाई और डिवाइडर रंगाई पुताई से लेकर बिजली के खभों की मरम्मत और हाई मास्क लाइटों को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी के सूत्रों ने बताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो लगभग चार बजे के बाद शुरू होगा और यह है देर शाम तक जारी रह सकता है। प्रधानमंत्री जिस मार्ग से रोड शो तक पहुंचेंगे और रोड शो में शामिल होंगे उस पूरे मार्ग की रूपरेखा को लेकर अधिकारी मंथन में जुट गए हैं। तो वहीं यहां की व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त किया जा रहा है।



**शहर की प्रमुख सड़कों को सुंदर बनाने, ग्रीन बेल्ट की साफ-सफाई और डिवाइडर की रंगाई-पुताई से लेकर बिजली के खम्भों की मरम्मत और हाई मास्क लाइटों को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है।**

### पीएम बाई रोड पहुंचेंगे मालीवाड़ा चौक

करंट क्राइम । भारतीय जनता पार्टी और पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन में उतरेगा। वहां से यह वह बाई रोड मालीवाड़ा चौक पहुंचेंगे और फिर रोड शो में भाग लेंगे। इस दौरान इस पूरे मार्ग के अवैध कट बंद करने के साथ ही इसको सुसज्जित करने का काम शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को इस पूरे मार्ग में पानी का छिड़काव, रंगाई और तारों को सुव्यवस्थित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### पुलिस के आलाधिकारी जांच रहे हैं सीसीटीवी से लेकर लाइटिंग की व्यवस्था

करंट क्राइम । गाजियाबाद में 6 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो होना है। रोड शो में सुरक्षा की किसी प्रकार की कोई कमी ना रहे, इसको लेकर पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने इस पूरी जिम्मेदारी को संभालने वाले अधीनस्थों को जिम्मेदारी सौंप दी है। मंगलवार को खुफिया विभाग और पुलिस की टीम के कई अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के रोड शो वाले मार्ग के सीसीटीवी की जांच से लेकर वहां लगे बिजली के पोल और अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया है। इसी के साथ इस पूरे रूट की वीडियोग्राफी कराई जाने के बाद यहां सिक्योरिटी बिंदु तय किए जाएंगे।

### 100 से ज्यादा स्थानों पर लगाए जाएंगे बैरिकेड

करंट क्राइम । प्रधानमंत्री 6 अप्रैल दिन शनिवार को जब हेलीकॉप्टर से उतरकर मालीवाड़ा चौक के रोड शो स्टार्ट प्वाइंट पर पहुंचेंगे, तो इस पूरे मार्ग पर पड़ने वाले अवैध कट और मार्ग को बंद कर दिया जाएगा। पुलिस यहां सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग करेगी। साथ ही बड़ी संख्या में इस पूरे मार्ग पर पुलिस फोर्स का डेप्लॉयमेंट भी किया जाएगा।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज करेंगे जनसभा को संबोधित, घंटाघर रामलीला मैदान में होगा आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को घंटाघर स्थित रामलीला मैदान में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के नामांकन से पूर्व जनसभा को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा के लिए भाजपा संगठन की ओर से सभी तैयारियां कर ली गई हैं। तो वहीं पुलिस प्रशासन ने भी वीवीआईपी कार्यक्रम के चलते मंगलवार को रामलीला मैदान घंटाघर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीसीपी सिटी जोन कुवंर ज्ञानंजय सिंह, एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार, एसीपी एलआईयू विवेक सिंह, एसीपी सिटी प्रियाश्री पाल, एडीएम सिटी गंभीर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया है।

## भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के नामांकन अवसर पर होंगे शामिल




### 10 बजे शुरू होगी जनसभा, 30 मिनट बोलेंगे राजनाथ सिंह

**करंट क्राइम ।** लोकसभा चुनाव को सफल बनाने के लिए घंटाघर रामलीला मैदान में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गाजियाबाद वालों को संबोधित करने के लिए आ रहे हैं। उनका गाजियाबाद से पुराना नाता और स्नेह रहा है। इसलिए कार्यक्रम में वह लंबा भाषण देंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा का कार्यक्रम सुबह लगभग 10 बजे के आसपास शुरू करने का कार्यकर्ताओं को निमंत्रण दिया गया है। जानकारी है कि राजनाथ सिंह मंच से लगभग 30 मिनट तक अपना चुनावी संबोधन देंगे और इसके बाद प्रत्याशी अतुल गर्ग को आशीर्वाद देने के बाद यहां से अन्य कार्यक्रम के लिए प्रस्थान करेंगे।

### भव्य रहेगा राजनाथ सिंह का मंच

करंट क्राइम। रामलीला मैदान घंटाघर में जहां राजनाथ सिंह जनता को संबोधित करेंगे, वहां मंच और पंडाल भव्य बनाया गया है। पंडाल की थीम भगवा रखी गई है। साथ ही जानकारी के अनुसार मंच लगभग 60 फीट लंबा और 20 फीट चौड़ा बनाया गया है। मंच पर लगभग 50 से अधिक प्रमुख चेहरों और भारतीय जनता पार्टी के संगठन, सांसद, विधायक मंचासीन अतिथियों में शामिल रहेंगे। जानकारी मिली है कि कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया और कार्यक्रम में विशेष तौर पर भाजपा नेता सतपाल महाराज भी उपस्थित रहेंगे और वह लोगों को संबोधित भी करेंगे।



### सफाई व्यवस्था में जुटा प्रशासन



### एंट्री पॉइंट पर लगेंगे डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर





करंट क्राइम । रक्षा मंत्री का कार्यक्रम होने की वजह से पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तमाम तरीके की सुरक्षा व्यवस्था को करने में जुट गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर सभा भी आयोजित की जानी है, इसीलिए मुख्य प्रवेश द्वार और मंच वाली एंट्री के निकट डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर की भी व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल और सुरक्षाकर्मियों को यहां तैनाती दी जाएगी।

### जनसभा में हजारों की संख्या में कुर्सी और बैठने की व्यवस्था



करंट क्राइम । भारतीय जनता पार्टी के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घंटाघर रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली राजनाथ सिंह की जनसभा में हजारों की संख्या में कुर्सी और बैठने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही यहां आने वाले पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यहां पांच मोबाइल टॉयलेट की भी व्यवस्था की गई है। इसके साथ अलग से पार्किंग स्थल और वीआईपी लॉबी भी बनाई गई है।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा 12 लाख वोट पाकर खिलेगा कमल

## साढ़े 3 लाख वोटों में सिमट जाएगा संपूर्ण विपक्ष का चुनावी बल

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा लोकसभा चुनाव के नतीजे को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उसके नेता अब अपनी जीत के आंकड़े का दावा कर रहे हैं। वो ये दावा कर चुके हैं कि पूरे देश में भाजपा की सबसे बड़ी जीत गाजियाबाद लोकसभा से होने जा रही है। लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग भी खुद उम्मीदवार घोषित होने से पहले ये ऐलान कर चुके हैं कि भाजपा यहां 8 लाख वोटों से चुनाव जीतेगी। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और देश में सबसे ज्यादा वोटों से चुनाव जीतकर विधायक बनने वाले सुनील शर्मा ने दावा किया कि गाजियाबाद में भाजपा को 12 लाख वोट मिलेंगे। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में



**"लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग भी खुद उम्मीदवार घोषित होने से पहले ये ऐलान कर चुके हैं कि भाजपा यहां 8 लाख वोटों से चुनाव जीतेगी"**

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि भाजपा का कमल गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में 12 लाख से अधिक वोट पाकर खिलेगा। यहां पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि संपूर्ण विपक्ष केवल साढ़े 3 लाख वोटों में सिमट जाएगा। उन्होंने कहा कि साढ़े 3 लाख वोट की परिधि में सिमटने वालों में कांग्रेस, सपा, बसपा, रालोद से लेकर आम आदमी पार्टी और अन्य निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने ये दावा किया कि जब चुनाव नतीजा आएगा तो आप मेरे इस दावे को देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा की लहर चल रही है और गाजियाबाद में सबसे बड़ी जीत होने जा रही है।

# चौथे दिन हुए चार नामांकन, 13 ने खरीदे नामांकन पत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में 26 अप्रैल को मतदान होना है और मतदान से पहले नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। नामांकन की प्रक्रिया के चौथे दिन गाजियाबाद से चार नामांकन किए गए हैं। जिसमें राइट टू रिकॉल पार्टी की ओर से पूजा, सुखी समाज पार्टी की ओर से अवधेश, निर्दलीय रवि कुमार पांचाल और मिहिर सेना की ओर से अनिल कुमार उर्फ अनिल सिंह ने नामांकन किया है। इसी के साथ 13 अन्य लोगों ने फार्म खरीदने का काम किया है। जिसमें उदय सिंह, कौशल सिंह, मोहम्मद आलम, नमह, सोनी, धर्मेंद्र कुमार, अनिल राघव, कविता, बसपा प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर, अभिषेक पुंडीर, मधु ,अजय कुमार और अमित गुप्ता ने नामांकन पत्र खरीदा है।







## आज अतुल गर्ग करेंगे नामांकन
## कलेक्ट्रेट पर रहेगी अतिरिक्त पुलिस फोर्स



**अतुल गर्ग का नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी जिला मुख्यालय पहुंच सकते हैं।**

**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उनका नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी जिला मुख्यालय पहुंच सकते हैं। वहीं उनके अनुमोदक और प्रस्तावक के रूप में चार लोग रहेंगे। इसके साथ ही पार्टी के प्रत्याशी का उत्साहवर्धन करने के लिए तमाम भाजपा के प्रमुख चेहरों के जिला मुख्यालय के बाहर उपस्थित होने की जानकारी मिली है।

बुधवार को भाजपा प्रत्याशी के नामांकन को लेकर पुलिस की ओर से भी तैयारी कर ली गई हैं। यहां भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती प्रत्येक दिन रहती है। साथ ही बुधवार को यातायात पुलिस और महिला कांस्टेबल की भी तैनाती की गई है। इसके साथ ही आलाधिकारी भी पूरे मामले में अपडेट लेते रहेंगे।

### प्रेषक ले रहे हैं प्रतिदिन का अपडेट

लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया में प्रेषक भी गाजियाबाद सीट पर होने वाले प्रतिदिन के नामांकन और फॉर्म की खरीद के रिकॉर्ड पर नजर रखने का काम कर रहे हैं। प्रेक्षकों को प्रतिदिन जिला प्रशासन नामांकन से संबंधित सूचनाओं की प्रति भेजने का काम कर रहा है। साथ ही यहां प्रतिदिन फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी टीम नामांकन प्रक्रिया को रिकॉर्ड में भी दर्ज कर रही है।

### 4 अप्रैल है नामांकन का अंतिम दिन

4 अप्रैल को नामांकन प्रक्रिया का आखिरी दिन है और 5 अप्रैल को नामांकन करने वाले फार्म की स्कूटनी होगी। इसके बाद 8 अप्रैल को नाम वापसी का अंतिम दिन रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया है कि स्कूटनी के बाद जिन प्रपत्रों में कमी होगी, उनको आउट कर दिया जाएगा।

**8 अप्रैल को नाम वापसी का रहेगा अंतिम दिन**

# भाजपा और रालोद की समन्वय बैठक में अतुल गर्ग की जीत को ऐतिहासिक बनाने पर जोर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल की समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य दोनों दलों और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित कर गाजियाबाद लोकसभा की जीत को ऐतिहासिक बनाने का रहा। बैठक के संयोजक पूर्व महापौर अशु वर्मा रहे। राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा देश कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह का सम्मान करके हम सभी के दिलों को जीता है हम अपने आप को एनडीए का मजबूत हिस्सा साबित करने के लिए अतुल गर्ग की जीत को ऐतिहासिक बनाने का काम करेंगे। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता की उपयोगिता आपके साथ पूरे
















लोकसभा क्षेत्र में जहां चाहे वहां उपयोग में तत्पर रहेगी। भाजपा के प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि एनडीए गठबंधन इस बार 400 पार के नारे को साकार करने की शुरूआत गाजियाबाद की ऐतिहासिक जीत के साथ करेगा। कार्यक्रम के संयोजक अशु वर्मा ने कहा कि दलों की मजबूरी कभी-कभी राजनीतिक पृष्ठभूमि में हो सकती है लेकिन हम सभी के दिल तो पहले से ही मिले हुए थे क्योंकि किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच बिल्कुल एक जैसी थी। दोनों ने अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को कैसे लाभ पहुंचे इसकी सोच पर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने बारी-बारी से दोनों दलों के परिवार से आए सभी नेताओं का कार्यकर्ताओं का दिल से आभार जताते हुए लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग को उनकी ऐतिहासिक जीत के लिए आश्वत किया। बैठक में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, भाजपा के प्रभारी मानवेंद्र सिंह, आरएलडी जिलाध्यक्ष अमित त्यागी ,महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ,जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर,विधायक अजीत पाल त्यागी लोकसभा एनडीए प्रत्याशी अतुल गर्ग, पूर्व चेयरमैन मनोज धामा, इंद्रजीत सिंह टीटू, अमरजीत बिड्डी, धर्मपाल, मनवीर चौधरी, अजय वीर चौधरी, ओडी त्यागी, कमल जाटव, बलदेव राज शर्मा, अशोक मोंगा,पृथ्वी सिंह,भूपेंद्र , अनिल स्वामी, राजेंद्र त्यागी , सरदार एसपी सिंह, महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल सुनील यादव, राजेश्वर प्रसाद, संदीप त्यागी, प्रदीप चौधरी आदि सैकड़ों कार्यकर्त्ता दोनों दलों से मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### नेताओं के कांग्रेस छोड़ने पर MP नकुलनाथ की पत्नी का छलका दर्द, कहा- परीक्षा के समय सब छोड़ रहे साथ



**छिंदवाड़ा।** कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं पर सांसद नकुलनाथ की पत्नी प्रियानाथ ने कहा कि मुझे जब भी कोई मिलता है तो कहता कि दीदी आप हिम्मत कभी मत हारना। फिर मैं कहती हूं क्या मेरी शक्ल में कोई भय दिख रहा है आपको, हां मुझे दुख जरूर हुआ है और जब मैं अपने पिता कमलनाथ जी को देखती हूं तो और दुख होता है कि उन्होंने जिसे अपना समझा, जिन्हें हमेशा अपने परिवार के करीब बैठाया, अपना आशीर्वाद दिया और जब अग्नि परीक्षा का समय आया तब हमें धोखा मिला। कार्यकर्ताओं से बोली- आप हमारी ताकत प्रियानाथ ने चौरई में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आप हमारी असली ताकत है। हमारी असली बल और शक्ति तो यहां उपस्थित है और आपको यह विश्वास दिलाने आई हूं कि हम एक दिन नई ऊर्जा और क्रांति के साथ आगे बढ़ेंगे।

### राजीव गांधी का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए सोनिया व राहुल, लगातार चार बार दर्ज की थी जीत



**अमेठी।** लोकसभा अमेठी में कई रोमांचक चुनावी रिकॉर्ड भी बने हैं। यहां सबसे अधिक रिकार्ड स्व. राजीव गांधी के नाम हैं। उन्होंने वर्ष 1981 से 1991 तक चुनावी जीत की हैट्रिक लगाई। उनके नाम सबसे अधिक वोट अंतर से चुनाव जीत का भी रिकॉर्ड है। इससे भी बड़ी बात यह है कि विपक्षी तो दूर, उनकी पत्नी सोनिया गांधी और बेटे राहुल भी उनका चुनावी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए। विमान हादसे में संजय गांधी की मौत के बाद राजीव गांधी ने साल 1981 के उपचुनाव में राजनीतिक पारी की शुरूआत की थी। उस बार 2,37,696 वोट से शरद यादव को हरा कर वह पहली दफा सांसद बने। इसके बाद वह 1991 तक चुने जीतते रहे। सबसे अधिक वोटों अंतर से उन्होंने 1984 के चुनाव में घर की बहू मेनका गांधी को 3,14,878 को हराया था।1989 के लोकसभा चुनाव में राजीव गांधी ने जनता दल के राज मोहन गांधी को हराया। तब राजीव गांधी 2,02,138 वोट अंतर से जीते थे। 1991 के आम चुनाव में राजीव गांधी ने भाजपा के रविंद्र प्रताप को 1,12,085 के अंतर से हराया था। हालांकि जीत का फैसला होने से पहले ही एक उग्रवादी हमले में राजीव गांधी की मौत हो गई। उपचुनाव हुआ और कांग्रेस से सतीश शर्मा चुने गए। 1999 के लोकसभा चुनाव में राजीव गांधी की पत्नी सोनिया ने चुनाव लड़कर अपना राजनीतिक सफर शुरू किया। उन्होंने भाजपा के संजय सिंह को 3,00012 वोट के अंतर से शिकस्त दी, लेकिन अपने पति का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाईं। इसके बाद उन्होंने अपनी यह सीट बेटे राहुल गांधी को सौंप दी। राहुल गांधी 2004 से 2014 तक तीन बार सांसद रहे, लेकिन वह भी अपने पिता के रिकॉर्ड तक नहीं पहुंच पाए। कांग्रेस के नाम ही सबसे कम औरा ज्यादा अंतर से जीत का रिकॉर्ड

अमेठी चुनाव में जहां सबसे बड़े वोट अंतर से जीतने का रिकॉर्ड राजीव गांधी के नाम है, वहीं सबसे कम अंतर से साल 1971 में अमेठी के पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के ही विद्याधर बाजपेयी चुनाव जीते थे। वह एबीजेएस पार्टी के गोकुल प्रसाद पाठक से महज 3665 वोट अंतर से जीते थे। इस लिहाज से अमेठी में अब तक हुए लोकसभा चुनावों में सबसे बड़े और सबसे कम अंतर से चुनाव जीत का रिकॉर्ड कांग्रेस के नाम ही दर्ज है। जब धरी रह गई थी जीत की माला साल 1991 के चुनाव में कांग्रेस से राजीव गांधी समेत कुल 42 उम्मीदवार मैदान में थे। इस चुनाव में वोटिंग 20 मई को हुई थी। तब राजीव गांधी की जीत लगभग तय मानी जा रही थी। लोगों ने उनके स्वागत की तैयारी कर ली थी, लेकिन 21 मई को राजीव गांधी की हत्या कर दी गई। चुनाव परिणाम घोषित हुआ तो राजीव गांधी ने एक लाख 87 हजार 138 वोट पाकर जीत हासिल की। ऐसे में जीत की माला किसी को नहीं पहनाई जा सकी। लोगों की तैयारियां और हसरतें धरी रह गई थीं।

### 2014 के लोकसभा चुनाव में 22 पर दर्ज हुए थे मुकदमे

**मुरादाबाद।** लोकसभा चुनाव अपने पूरे रंग में आ चुका है। प्रत्याशी जनसभाएं और घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करने में जुट गए हैं। इस दौरान उम्मीदवार चुनाव आयोग के नियमों का पालन नहीं करेंगे तो उनके खिलाफ केस दर्ज किए जाएंगे। इसके लिए पुलिस प्रशासन की टीमें उन पर नजर रखे हैं। पिछले चुनावों में भी उम्मीदवारों और उनके समर्थकों पर केस दर्ज किए गए थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में 22 और 2019 के चुनाव में नौ नेता और उनके समर्थकों पर आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज किया गया था जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में 140 लोगों ने चुनाव आयोग के आदेशों का उल्लंघन किया था। सभी केस कोर्ट में विचाराधीन हैं। 2014 में मुरादाबाद के सिविल लाइंस, भोजपुर, मूंढापांडे और ठाकुरद्वारा में आचार संहिता उल्लंघन के सात केस दर्ज किए गए थे। जिसमें 22 लोगों को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद विवेचना की तो 19 लोगों पर ही आरोप पाए गए। विवेचना में 3 नाम निकाल दिए गए। सभी आरोपी अपनी जमानत करा चुके हैं। इनमें 12 लोग अपने घरों पर मौजूद हैं। जबकि 5 लोग जनपद पर छोड़कर चले गए जबकि दो व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है। इसी तरह 2019 के लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन करने वालों की संख्या में कमी आई। इस साल केवल दो ही केस दर्ज किए गए। इसमें नौ आरोपी थे। पुलिस ने विवेचना पूरी करने के बाद सभी नौ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। इसमें एक मुकदमा कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी और उनके समर्थकों के खिलाफ गलशहीद थाने में दर्ज किया गया था। जिसमें आरोप लगा था कि उन्होंने प्रचार की समय अवधि खत्म होने के बाद प्रचार किया था। केस कोर्ट में विचाराधीन है। 2022 के विधानसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन करने वालों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई। इस चुनाव में 140 लोगों के खिलाफ 16 मुकदमें दर्ज किए गए थे। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि पिछले दो लोकसभा और एक विधानसभा चुनाव में 25 केस दर्ज किए गए थे। जिसमें 171 आरोपी बनाए गए थे।

## यूपी में 1962 के आम चुनाव के दौरान कांग्रेस में विद्रोह से दिग्गजों के छूट गए थे पसीने

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में 1962 के आम चुनाव के दौरान कांग्रेस में हुए विद्रोह से पार्टी के दिग्गज नेताओं के पसीने छूट गए थे। प्रदेश के बड़े नेता भी अपने परंपरागत क्षेत्र से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। पार्टी के दिग्गजों को भी सुरक्षित सीट तलाशनी पड़ी थी। कांग्रेस में जोश भरने के लिए प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू को भी प्रदेश में कई दौरे करने पड़े। अमर उजाला में 4 फरवरी 1962 में प्रकाशित खबर के अनुसार, चुनाव से पूर्व कांग्रेसी नेताओं ने बगावत कर दी थी। संगठन की स्थिति कमजोर होने से बड़े नेताओं को हार का डर सताने लगा था। तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त ने 1952 और 1957 का चुनाव लखनऊ से लड़ा था, लेकिन 1962 में वह इस चुनाव क्षेत्र से लड़ने का साहस नहीं जुटा पाए। उन्होंने सुरक्षित चुनाव क्षेत्र रानीखेत (उस समय रानीखेत उत्तर प्रदेश का हिस्सा होता था) चुना। वहीं



पार्टी ने तत्कालीन श्रम मंत्री सुचेता कृपलानी से लखनऊ से चुनाव लड़ने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने भी यहां से चुनाव लड़ने से मना कर दिया। सरकार के तीन मंत्री कैलाश प्रकाश, मुजफ्फर हसन और राम स्वरूप यादव ने भी अपने निर्वाचन क्षेत्र बदल दिए। ऐसे में कांग्रेस नेताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को यूपी के कई चुनावी दौरे करने पड़े। पार्टी का मानना था कि पूर्वी जिलों में जो गन्ना क्षेत्र कहे जाते थे, वहां कांग्रेस का संगठन कमजोर हो गया था। यहां सोशलिस्ट, प्रजा सोशलिस्ट और कम्युनिस्ट पार्टियों के किसान संगठन कांग्रेस के संगठन से ज्यादा ताकतवर हैं। उनके पास बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हैं। उनमें जोश है जबकि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में उत्साह की कमी है।

## दिल्ली की सियासत में मची खलबली
## राष्ट्रपति शासन लगाने की कोशिश : आतिशी

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में हैं। ऐसे तमें दिल्ली की सरकार भी वही से चल रही है। इसी बीच आम आदमी पार्टी ने आशंका जताई है कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की कोशिश की जा सकती है। आम आदमी पार्टी नेता आतिशी मालेर्ना ने मंगलवार सुबह एक प्रेस कांफ्रेंस कर इस बात की आशंका जाहिर की। उन्होंने यह भी कहा कि शराब घोटाले में अब उनके और आम आदमी पार्टी के तीन अन्य बड़े नेताओं को गिरफ्तार करने की कोशिश की जा सकती है। आतिशी ने कहा कि यह केवल आम आदमी पार्टी को चुनाव में जीत हासिल करने से रोकने के लिए किया जा रहा है। इसके पहले सोमवार को आम आदमी पार्टी के एक अन्य नेता जैस्मिन शाह ने भी एक प्रेस कांफ्रेंस कर इसी तरह की आशंका जाहिर की थी। इस पर भाजपा ने कहा है कि आम आदमी



पार्टी नेताओं को अपने भ्रष्टाचार के बारे में मालूम है। उन्हें पता है कि उन्होंने भ्रष्टाचार किया है और इस मामले में उनकी गिरफ्तारी भी देर-सबेर होना तय है। यही कारण है कि आम आदमी पार्टी नेता पहले से ही अपनी गिरफ्तारी की आशंका जाहिर कर विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी नेताओं को अपनी गिरफ्तारी के लिए किसी दूसरे को दोषी नहीं ठहराना चाहिए। उन्होंने भ्रष्टाचार किया है, इसलिए उसका परिणाम उन्हें भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि संविधान और प्रशासन की जानकारी रखने वाला हर व्यक्ति जानता है कि जेल से सरकार चलाना व्यावहारिक तौर पर संभव नहीं है। एक दिन उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना ही पड़ेगा। यही कारण है कि इस तरह की बात कर वे केवल अपना बचाव करना चाहते हैं जो संभव नहीं होगा।

**क्या होगी परेशानी ?**

दरअसल, जेल नियमावली के हवाले से यह कहा जा रहा है कि जेल में रहते हुए अरविंद केजरीवाल को लोगों से मिलने की खुली छूट नहीं दी जा सकती है। उन्हें अपना स्टाफ रखने और फाइलों पर हस्ताक्षर करने की छूट भी नहीं दी जा सकती है। ऐसे में जेल से वे अधिकारियों से मुलाकात और महत्वपूर्ण बैठकें नहीं कर सकेंगे। इसलिए कहा जा रहा है कि व्यावहारिक तौर पर वे जेल से सरकार नहीं चला सकेंगे।

## महुआ मोइत्रा आम चुनाव में जीत को लेकर नजर आ रही हैं पूरी तरह से आश्वस्त

**कोलकाता।** टीएमसी नेता और पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी महुआ मोइत्रा आम चुनाव में अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही हैं। महुआ मोइत्रा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत ही उनके लोकसभा से निष्कासन का सही जवाब हो सकती है। महुआ मोइत्रा ने भाजपा पर निशाना साधा और पार्टी को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि भारत एक महान देश है, जिसे फासीवादियों द्वारा तबाह नहीं किया जा सकता। महुआ मोइत्रा अपनी जीत को लेकर आश्वस्त मीडिया से बात करते हुए महुआ मोइत्रा ने कहा कि 'मुझे जीत को लेकर कोई शक नहीं है। बस देखना ये है कि जीत कितनी बड़ी होगी और यह 4 जून को तय हो जाएगा। मैं यहां के लोगों के बीच रही हूं और विधायक रहने के समय से मैं यहां हूं। इसलिए मेरा यहां के लोगों से काफी जुड़ाव है।' महुआ मोइत्रा को टीएमसी ने एक बार फिर से कृष्णानगर लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। महुआ पिछला लोकसभा चुनाव भी टीएमसी के टिकट पर कृष्णानगर से ही जीतीं



थी। उन्होंने कहा कि 'लोकसभा से निष्कासित कर मेरी छवि को खराब करने की साजिश रची गई और लोकसभा चुनाव में जीत ही मेरा जवाब होगी।' भाजपा सरकार पर साधा निशाना महुआ मोइत्रा अपने बेबाक बयानों और भाजपा सरकार पर तीखा हमला करने के लिए जानी जाती हैं। बीते साल दिसंबर में संसद की समिति ने पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा को दोषी माना था और उन्हें संसद सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था। भाजपा पर निशाना साधते हुए महुआ मोइत्रा ने कहा कि 'मैं संसद में अपने पहले भाषण से कहती आ रही हूं। भाजपा भारत के संसदीय लोकतंत्र के लिए खतरनाक है, लेकिन भारत महान देश है और यह फासीवादी ताकतों से तबाह नहीं होगा।

## नौकरशाही को भी भाती है सियासी चमक-दमक...
## बीते 24 वर्षों में राजनीति में ब्यूरोक्रेट्स की संख्या लगातार बढ़ी

**लखनऊ।** केंद्र से लेकर उत्तर प्रदेश की सियासत में नौकरशाही का रुझान बढ़ता जा रहा है। बीते 24 वर्षों में राजनीति में आने वाले ब्यूरोक्रेट्स की संख्या लगातार बढ़ी है। सेना और इंजीनियरिंग संवर्ग के अधिकारी भी अपनी दूसरी पारी के लिए राजनीति को ही प्राथमिकता दे रहे हैं। भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी नटवर सिंह, पूर्व सैन्य अधिकारी जसवंत सिंह जैसे कुछ चेहरे हैं जो राजनीति में बड़े ओहदों तक पहुंचे। यूपी की बात करें तो ओपी सागर, राय सिंह, चंद्र प्रकाश, देवी दयाल, ओपी राम, आरए प्रसाद समेत पूर्व नौकरशाहों की लंबी फेहरिस्त है, जो राजनीति में आए। इसके बाद नौकरशाही छोड़कर सियासत की दुनिया में आने का सिलसिला चल निकला। राजनीति में आने के लिए उन्हें वीआरएस लेने से भी कोई गुरेज नहीं है। इस बार भी कई दावेदार लोकसभा चुनाव की बात करें तो इस बार भी कई पूर्व ब्यूरोक्रेट्स चुनाव लड़ने के लिए प्रयासरत दिख रहे हैं। पीएम मोदी के कैबिनेट सेक्रेटरी रहे नृपेंद्र मिश्रा के बेटे साकेत मिश्रा भाजपा के टिकट पर श्रावस्ती से चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व आईपीएस अरविंद सेन भाकपा से फैजाबाद से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। डिप्टी एसपी रहे शुभ नरायन गौतम को बसपा ने कौशांबी से प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने इस बार मथुरा से रिटायर्ड आईआरएस अधिकारी सुरेंद्र सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। इंजीनियरिंग संवर्ग के रिटायर्ड अफसर सुरेश गौतम को जालौन से टिकट दिया है। सपा ने रिटायर्ड एडीजे मनोज कुमार को नगीना से टिकट दिया है। नोएडा के पूर्व डीएम बीएन सिंह ने तो नौकरी में रहते राजनीति में पैठ जमानी शुरू कर दी थी। हालांकि उन्हें टिकट नहीं मिल सका। दल बदलने में माहिर नौकरशाही के सारे हुनर के माहिर अफसर राजनीति के दांव-पेच भी खूब जानते हैं। यही वजह है कि मौका पड़ने पर राजनेताओं की तरह वह पाला बदलने से नहीं चूकते। बसपा सरकार में सबसे कद्दावर अफसरों में शुमार किए जाने वाले आईएएस कुंवर फतेह बहादुर सिंह और रामबहादुर ने सेवानिवृत्ति के बाद बसपा का दामन थाम लिया था। फतेह बहादुर बाद में सपा, तो रामबहादुर भाजपा में चले गए। इसी तरह बसपा सुप्रीमो मायावती के करीबी अफसरों में शुमार रहे पीएल पुनिया ने कांग्रेस की राजनीति करने का फैसला लिया। पूर्व आईएएस अफसर नीरा यादव के पति पूर्व आईपीएस महेंद्र सिंह यादव सपा सरकार में मंत्री बने, लेकिन बाद में उन्होंने भाजपा में जाने का फैसला कर लिया। भाजपा अफसरों की पहली पसंद भाजपा में सबसे ज्यादा रिटायर्ड अफसर हैं। जनरल वीके सिंह ने गाजियाबाद से चुनाव लड़ा और केंद्र सरकार में मंत्री बने। हालांकि इस बार उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। मुंबई के पुलिस कमिश्नर रहे सत्यपाल सिंह भी भाजपा के टिकट पर बागपत से सांसद बनने के बाद केंद्र सरकार में मंत्री बने। गुजरात काडर के आईएएस अफसर रहे एके शर्मा को यूपी सरकार में मंत्री बनाया गया, तो कानपुर के पुलिस कमिश्नर रहे असीम अरुण ने वीआरएस लेकर राजनीति में किस्मत आजमाई और चुनाव जीतकर यूपी सरकार में मंत्री बने। पूर्व डीजीपी बृजलाल ने चुनाव तो नहीं लड़ा, पर भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेज दिया। आईएएस अफसर रहे हरदीप सिंह पुरी को भी यूपी से राज्यसभा भेजा गया। भारतीय रेल सेवा के अफसर रहे देवमणि दुबे भाजपा से सुल्तानपुर की लंभुआ सीट से विधायक रह चुके हैं।

## उत्तराखंड के रुद्रपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की चुनावी जनसभा
### कहा, भीड़ को देखकर यह तय नहीं हो पा रहा कि यह प्रचार सभा या विजय रैली

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड के रुद्रपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी जनसभा की। पीएम मोदी ने देशी अंदाज में हाल चाल लिया। पीएम मोदी ने कहा कि भीड़ को देखकर यह तय नहीं हो पा रहा कि यह प्रचार सभा या विजय रैली। मैदान में बैठे लोगों को धूप लगने पर पीएम मोदी ने कहा कि भीड़ के लिए पंडाल छोटा पड़ गया है। जितने लोग अंदर बैठे हैं उससे ज्यादा लोग बाहर धूप में तप रहे हैं। हमारी व्यवस्था में कुछ कमी रही इसके लिए मैं क्षमा मांगता हूं। आपको विश्वास दिलाता हूं कि धूप में तपने की आपकी तपस्या को बेकार नहीं जाने दूंगा। मैं इसे विकास कर करके लौटा दूंगा। आपके प्यार के लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। कहा कि यह चुनावी सभा भी ऐसे क्षेत्र में हो रही है जिसे मिनी इंडिया कहा जाता है। कहा कि यह देवभूमि और मिनी इंडिया का ही आशीर्वाद है कि वह उत्तराखंड की पवित्र धरती पर आए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के प्रति भाजपा का जो प्रेम जग जाहिर है। हमें उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाकर सबसे आगे लेकर जाना है। इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। पिछले दस वर्षों में जितना विकास उत्तराखंड का हुआ है उतना आजादी के बाद के 60-65 साल में भी नहीं हुआ। 'दस साल में जितना विकास हुआ आज तक नहीं हुआ' पीएम मोदी ने कहा कि हमें उत्तराखंड को विकसित बनाना है, केंद्र सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही। दस साल में जितना विकास हुआ आज तक नहीं हुआ। 12 लाख घरों को पानी कनेक्शन दिया। तीन लाख को स्वामित्व योजना का लाभ मिला। 35 लाख लोगों को बैंक खाते



खोले गए। छोटे किसानों के खाते में किसान निधि दी। नियत सही होती है तो काम ऐसे ही होते हैं। नियत सही तो नतीजे भी सही। पीएम मोदी ने कहा कि आज उत्तराखंड हर प्रकार की आधुनिक कनेक्टिविटी से जुड़ रहा है। भाजपा ने प्रदेश के गरीबों को 85000 घर बनाकर दिए हैं। 12 लाख घरों तक पानी का कनेक्शन पहुंचाया है।

इसके अलावा भाजपा सरकार ने साढे पांच लाख से ज्यादा शौचालयों का निर्माण कराया है। इसके अलावा यहां की पांच लाख से ज्यादा महिलाओं को उज्जवला गैस मुक्त कनेक्शन दिया गया है। करीब 3 लाख लोगों को स्वामित्व योजना के तहत उनकी प्रॉपर्टी के कार्ड दिए गए हैं।

उत्तराखंड के 35 लाख लोगों के पास पहले बैंक में खाता तक नहीं थे। भाजपा सरकार ने 35 लाख लोगों के बैंक खाते खुलवाए और उन्हें बैंकों से जोड़ा। कहा कि इतने सारे काम तब होते हैं जब नीयत सही होती है। इसलिए मैं कहता हूं नियत सही तो नतीजे भी। 'मोदी की गारंटी ने उत्तराखंड के घर-घर में सुविधा पहुंचाई' पीएम ने कहा कि मोदी की गारंटी यानी पूरा होने की गारंटी है। मोदी की गारंटी ने उत्तराखंड के घर-घर में सुविधा पहुंचाई है, लोगों का स्वाभिमान बढ़ाया है। अब तीसरे टर्म में आपका ये बेटा एक और बड़ा काम करने जा रहा है। आपको 24 घंटे बिजली मिले, बिजली का बिल जीरो हो और बिजली से कमाई भी हो। इसके लिए मोदी ने 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' शुरू की है। 'भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने की गारंटी दी' पीएम ने कहा कि मोदी ने भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने की गारंटी दी है। तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत का मतलब है, लोगों की कमाई बढ़ेगी। नौकरी के अवसर बढ़ेंगे। गांव-शहर में सुविधा बढ़ेगी। इसका बड़ा फायदा उत्तराखंड को भी होगा।

'उत्तराखंड की पवित्र धरती पर खुद को बहुत धन्य महसूस करता हूं' पीएम मोदी ने कहा कि मैं जब भी उत्तराखंड की पवित्र धरती पर आता हूं, खुद को बहुत धन्य महसूस करता हूं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। बुधवार 03 अप्रैल -2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# समाजवादी पार्टी में पिटाई को लेकर मचा घमासान

## पुलिस पर लगाया कार्रवाई ना करने का आरोप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी नेता अकरम अल्वी ने अपने ही पार्टी के महानगर अध्यक्ष और उनके कुछ साथियों पर उसके साथ लूटपाट, मारपीट और जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। अल्वी का कहना है कि मामले में उन्होंने पुलिस को भी शिकायत दी लेकिन पुलिस पूरे मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है। अल्वी का कहना है कि कल सपा, आप और कांग्रेस की गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा के सोमवार को नामांकन से पूर्व नारे लगाने को लेकर उनके साथ महानगर अध्यक्ष और उनके दो साथियों ने मारपीट की और फिर रात को करहैड़ा हिंडन नदी के पास गाड़ी रोक कर उनकी चेन लूटने के बाद जमकर पीटा है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद सपा में कई तरीके की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। एक चर्चा यह भी है कि आरोप विरेंद्र यादव पर लगाए जा रहे हैं, यह समझ से रहे है। विरेंद्र यादव की राजनीति का पूरा इतिहास उठाकर देखा जाए, तो आज तक उनके व्यवहार को लेकर कभी कोई बात सामने नहीं आई है। वह अपने सौम्य व्यवहार के लिए जाने जाते हैं।



### वीरेंद्र यादव ने कहा मेरी छवि धूमिल की जा रही है



करंट क्राइम । इस पूरे मामले पर जब दैनिक करंट क्राइम ने समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव से फोन पर बातचीत की तो वीरेंद्र यादव ने कहा कि उनकी छवि धूमिल कराई जा रही है। वह सालों से पार्टी से जुड़े हुए हैं। पिस्टल से पीटने और चेन लूटने का आरोप भी बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में पुलिस उनका कॉल रिकॉर्ड डाटा निकलवाए और लोकेशन निकलवाए जिससे सब कुछ साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा यह उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश की जा रही है ताकि चुनावी सीजन में उनकी छवि भूमि की जा सके।

### तहरीर झूठी और मनघड़ंत : फैसल हुसैन



**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि अंकुश ठाकुर और चार अज्ञात कार्यकर्ताओं के नाम षड्यंत्र कर झूठी तहरीर दी गई है। पत्र में लिखा है, हम पर लगाए गए चैन लूट और मारपीट के आरोप पूरी तरीके से बेबुनियाद हैं जबकि अकरम अल्वी अपने तीन साथियों के साथ नामांकन स्थल पर व्यवधान डाल रहा था। समाजवादी पार्टी के कुछ हमारे ही लोग सपा के सफल कार्यक्रम से आहत थे। इसीलिए इस कार्यक्रम को बिगाड़ने के लिए पूरा नाटक किया गया। वहीं जिला और महानगर अध्यक्ष ने हिंडन चौकी पर दी गई तहरीर को झूठा और मनघड़ंत बताते हुए पार्टी के सदस्यों और पदाधिकारियों की ओर से हस्ताक्षर वाला पत्र भी जारी किया है।

### अकरम बोले पार्टी से बाहर निकालने की दी जा रही है धमकी

करंट क्राइम। अकरम अल्वी ने कहा है कि पहले सपा अध्यक्ष और उनके साथियों ने उनके साथ मारपीट की, उनकी चेन लूटी और अब उनको पार्टी से निकालने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वह सच्चे समाजवादी हैं। पूर्व में नगर निगम के लिए भी पार्टी के साथ खड़े रहे हैं। उनका आरोप है कि राहुल चौधरी के जिंदाबाद वाले नारे लगाने के बाद उनका यह पूरा विवाद हुआ था। इस दौरान सफाईयों ने उनके गाली-गलौच और मारपीट भी की थी।

# भाजपा नेता अनिल खेड़ा पर वैगनआर कार से हमला, बाल बाल बचे

## मधुबन बापूधाम पुलिस कर रही है पूरे मामले की जांच




गाजियाबाद, करंट क्राइम। मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में सिटी चिल्ड्रन पार्क के निकट भाजपा नेता अनिल खेड़ा की आर्टिका कार में पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वैगनआर कार ने जोरदार टक्कर मारी। टक्कर मारने के कार सवार ने गाड़ी बैक करते हुए मौके से फरार हो गया। जिस वक्त यह घटना हुई उसे वक्त अनिल खेड़ा अपनी साथी सत्या के साथ मंदिर से दीपक जलाकर लौट रहे थे। मंगलवार को उनका चालक अवकाश पर था। यह घटना होने के बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी और मधुबन बापूधाम थाने में पुलिस को लिखित शिकायत दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है। प्रथम दृष्टया कार का नंबर फर्जी बताया जा रहा है।

अनिल खेड़ा ने बताया है कि वह अपने गोविंदपुरम कार्यालय से पूजा करने के लिए चिल्ड्रंस पार्क मधुबन बापूधाम के निकट मंदिर दीपक जलाने गए थे। वहां से लौट रहे थे, इसी दौरान वैगनआर सवार अज्ञात ने उनके पीछे जोरदार टक्कर मारी। जिससे उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान कार सवार टक्कर मारने के बाद गाड़ी बैक करके मौके से फरार हो गया। उन्होंने गाड़ी का नंबर नोट किया जो जांच में फर्जी प्रतीत हो रहा है। इस मामले में एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि अनिल खेड़ा की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# लोन दिलाने के नाम पर भाजपा नेता की बहन से ठगी

## मुकदमा दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तारी से दूर है आरोपी




गाजियाबाद, करंट क्राइम । ठगी करने वाले शातिर बदमाश लोगों को फंसाने के लिए अलग-अलग ऐप और तरीके अपनाते हैं। भाजपा के पूर्व पार्षद हिमांशु लव की बहन मुक्त लव के साथ एक लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। उन्होंने पुलिस को जो शिकायत दी है उसमें बताया है कि एक ऐप के जरिए उन्होंने लोन अप्लाई किया था। लोन पास कराने और फाइलिंग के नाम पर उनसे कभी 2000 तो कभी 6000 कभी 16000 रुपए और कभी एप्लीकेशन रिजेक्ट होने के नाम पर वसूली की गई। जब उनको ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने बैंक कर्मचारियों से लेकर लोन दिलाने वाली कंपनी तक के अधिकारियों को शिकायत की। इस मामले में अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

पीड़िता विडो हैं और उन्होंने पुलिस से इस पूरे मामले में आरोपी की गिरफ्तारी और उनका हर्जाना दिलाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार मुक्त लव ने को लगभग 15 लाख रुपए के लोन की आवश्यकता थी। उन्होंने एक ऐप के जरिए लोन की रिक्वेस्ट की। जिसके बाद उनसे अलग-अलग वेरिफिकेशन और लोन पास कराने के नाम पर पैसों की डिमांड की गई। जब उन्होंने पूरे पैसे दे दिए और उनको लोन नहीं मिला तो उन्हें ठगी के इस मामले का पता चला। पीड़िता ने कहा है कि इस पूरे मामले में कई लोगों ने बैंक की ओर से भी बातचीत की थी। इसमें उनकी भी संलिप्ता हो सकती है। फिलहाल पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज कर चुकी है लेकिन अभी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।


# जब बागपत से हो गई लोकसभा उम्मीदवार को लेकर फर्जी सूची जारी

## लिस्ट में दिखाई दी पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की उम्मीदवारी, वैसे स्टोरी का दूर हो जाएगा आज ट्विस्ट, या तो फर्जी सूची पर लगेगी मुहर या फिर जारी रहेगा पहले वाला ही दौर...

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पहले चुनावों के दौरान सिम्बल मिलना उम्मीदवारी की गारंटी माना जाता था। लेकिन सपा में सिम्बल गारंटी नहीं रहा है और गाजियाबाद में इसका मुलाहिजा कई बार हुआ है। यहां से सपा ने दिवंगत सागर शर्मा को सिम्बल दिया और बाद में सिम्बल उनसे वापस लेकर पवन शर्मा को उम्मीदवार घोषित किया। लोकसभा चुनाव में सुरेन्द्र मुन्नी को सिम्बल दिया और फिर उनसे सिम्बल लेकर दिवंगत सुरेश बंसल को उम्मीदवार घोषित किया। इसी तरह मेयर चुनाव में भी पीएन गर्ग की पत्नी को सिम्बल दिया और बाद में उनसे ये सिम्बल लेकर सिकंदर यादव की पत्नी को उम्मीदवार बनाया। ऐसे में ये चर्चा पूरे चुनावी माहौल में है कि सपा अपने कुछ उम्मीदवारों को बदल सकती है। पूर्व में हुए इन घटनाक्रम के मध्य नजर इस चर्चा को बल भी मिलता है। क्योंकि सपा ने कई टिकट घोषित करके बदले हैं। मंगलवार को उस समय सियासी फोन एक-दूसरे को होने लगे जब एक लिस्ट सोशल मीडिया पर तैरने लगी। ये लिस्ट समाजवादी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवारों की थी और इसमें बागपत लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी के रूप में पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का नाम था। अमरपाल शर्मा को पहले से ही बागवत लोकसभा में चुनावी खिलाड़ी माना जा रहा है। लिहाजा ऐसे में सभी को ये यकीन हो गया कि गठबंधन उम्मीदवार के रूप में सपा ने बागपत से अमरपाल शर्मा का नाम फाइनल किया है। लेकिन जब इस लिस्ट की पड़ताल की गई तो यह लिस्ट फर्जी निकली। बताया गया कि यह लिस्ट ठीक नहीं है, इसमें पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का नाम किसी ने फजी तरीके से जोड़ा है।

सूत्र बताते हैं कि आज सपा की लिस्ट फाइनल हो जाएगी और बागपत से कौन उनका लोकसभा उम्मीदवार होगा यह फाइनल हो जाएगा। अमरपाल शर्मा को चुनावी खिलाड़ी माना जाता है और सूत्र बता रहे हैं कि आज उनके नाम पर विचार भी किया जा सकता है और अमरपाल शर्मा के उम्मीदवार घोषित होने की संभावना से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। आज तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी।






### तस्दीक का बना आधार, नाम के आगे लगा स्टार

जब करंट क्राइम ने बागपत वाली लिस्ट को लेकर जानकारी की तो पता चला कि इसमें बागपत लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी घोषित किए गए पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का नाम गलत है। यहां पर जब तस्दीक की गई तो नाम के आगे लगा स्टार ही आधार बना। पता चला कि समाजवादी पार्टी जब भी संशोधित सूची जारी करती है तो जिस भी विधानसभा या लोकसभा में वो उम्मीदवार बदलती है तो नए उम्मीदवार के नाम के आगे स्टार का चिह्न होता है। मंगलवार को जो फर्जी सूची जारी हुई उसमें केवल मेरठ से उम्मीदवार घोषित किए अतुल प्रधान के नाम के आगे स्टार लगा था जबकि बागपत से अमरपाल शर्मा और आगरा से सुरेश चंद्र कदम के नाम के आगे स्टार नहीं लगा था।

## समझ से परे है गाजियाबाद की सियासत में संचालन समिति का ये पैगाम

# वेस्ट यूपी की ठाकुर बेल्ट में अपना अहम कद रखने वाले पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर का ही नहीं है इस समिति में नाम



गाजियाबाद, करंट क्राइम। राजनीति में कद होता है, पद होता है और कुछ चेहरे ऐसे होते हैं जो अपने आपमें एक पूरी सियासत को समेटकर चलते हैं। गाजियाबाद से चार बार लोकसभा सांसद रहे रमेश चंद्र तोमर एक ऐसा ही नाम है। एक दौर था जब लखनऊ से लेकर दिल्ली की राजनीति में इस नाम की तूती बोलती थी। उनके घर पर दरबार लगा करता था और भाजपा की राजनीति में इस नाम के बिना कई नाम खुद को धन्य नहीं मानते थे। समय बीता है लेकिन समय बीतने के बाद भी गुरुजी का नाम आज भी वेस्ट यूपी की ठाकुर बेल्ट में अपना एक अलग असर रखता है। ठाकुर बिरादरी से अलग भी गुरुजी के नाम से मशहूर पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर का अपना ही अलग असर है। यहां राजनीति में उनकी मजबूत दखल मानी जाती है। लेकिन इससे ज्यादा कुछ नहीं हो सकता और ये चर्चा पूरी भाजपा में है कि समझ से परे ये पैगाम है कि गाजियाबाद लोकसभा की चुनाव संचालन समिति में गुरुजी का ही नाम नहीं है। लोकसभा चुनाव संचालन समिति में उनका नाम क्यों नहीं है, इसे लेकर कई वरिष्ठ भाजपा नेता भी हैरान हैं। उनका कहना है कि जब लोकसभा में ठाकुर कार्ड को लेकर सीन हार्ड हो रहा है, तब ऐसे में भाजपा को डैमेज कंट्रोल के लिए गुरुजी को साथ लेना चाहिए। गुरुजी का असर इस क्षेत्र की 15 से 20 विधानसभाओं में है। देहात क्षेत्रों में पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर का नेटवर्क है और अपनी ठाकुर बिरादरी में उनकी अपनी एक अलग लोकप्रियता है। लेकिन इतने लोकप्रिय चेहरे का नाम गाजियाबाद की लोकसभा चुनाव संचालन समिति में न होना सभी को हैरान कर रहा है। भाजपा खेमे में यही चर्चा है कि वर्तमान ठाकुर लॉबी के नाराज होने का जो सीन चल रहा है, उसमें भाजपा गुरुजी की उपयोगिता का लाभ ले सकती है। लेकिन यह समझ से बाहर है कि लोकसभा चुनाव संचालन समिति में आखिर पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर का नाम क्यों नहीं है। पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर अभी भी राजनीति में पूरी तरह एक्टिव रहते हैं। भाजपा ऐसे माहौल में उन्हें यह जिम्मेदारी देकर रिलेक्स फील कर सकती थी। पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर का नाम क्यों नहीं है, ये सभी तो हैरान कर रहा है।

**भाजपा खेमे में यही चर्चा है कि वर्तमान ठाकुर लॉबी के नाराज होने का जो सीन चल रहा है, उसमें भाजपा गुरुजी की उपयोगिता का लाभ ले सकती है।**

## 16 मार्च को जारी हुई अधिसूचना और आ गया लोकसभा इलेक्शन

# एक भी मामला नहीं आया है सामने आचार संहिता के उल्लंघन का



गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है और एक तरफ राजनीतिक दल सक्रिय हैं और दूसरी तरफ चुनाव आयोग की टीमें भी एक्टिव हो गई हैं। नामांकन प्रक्रिया हो चुकी है और घोषित उम्मीदवार लगातार प्रचार में जुटे हैं। लेकिन चुनाव आयोग के लिए गाजियाबाद से लगातार सकारात्मक सूचना जारी हो रही है। 16 मार्च को चुनाव आयोग ने अधिसूचना जारी की थी और बताते हैं कि 2 अप्रैल तक भी आचार संहिता के उल्लंघन का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। निर्वाचन विभाग को सब कुछ सामान्य मिला है और यहां पर ये भी बताया जाता है कि टीमें लगातार निगाह रख रही हैं और सही मामलों में चुनावी मोड का सीन तब बनेगा जब नामांकन पत्रों की जांच हो जाएगी और उम्मीदवार फाइनल रूप से घोषित हो जाएंगे। यहां पर पुराना रिकॉर्ड पहले दिन से ही मामले दर्ज होने का रहा है। जब विधानसभा चुनाव थे तो लोनी में राशिद मलिक ने एंट्री ली थी और यहां पर आईएएस प्रेमरंजन सिंह ने उनका काफिला रोक लिया था और फिर सीधे ये काफिला लोनी थाने पहुंचा था और 5-5 लाख रुपए के मुचलकों में पाबंद होकर ही छूटे थे। इसके अलावा स्टेटिक टीमों ने भारी मात्रा में कैश बरामद किया था। कुछ कैश तो ऐसा था जो सरकारी विभाग में ही रहा और उसके दावेदार भी नहीं आए। इसके अलावा कहीं भाषण तो कहीं पोस्टर को लेकर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज होता रहा है। मगर इस बार 16 मार्च से 3 अप्रैल आ गई और अभी तक आचार संहिता के उल्लंघन का कोई मामला नहीं आया है। अभी तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। हालांकि एक मामले में कैश पकड़े जाने की चर्चा जरूर है लेकिन यहां खबर की पुष्टि पुलिस विभाग के बड़े अधिकारी ने अपने हाथ में ले ली है। बहरहाल, आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज नहीं हुआ है।

## संपादकीय

# खड़गे की आशंका के मायने!

यदि तीसरी बार भी मोदी सरकार बनी, तो देश का संविधान बदलने की शुरूआत होगी। शासन और भी एकाधिकारवादी हो जाएगा। भारत रूस बन सकता है। लोकतंत्र की आत्मा खत्म कर दी जाएगी। जिस तरह रूस पर पुतिन का राज है, उसी तरह भारत में मोदी की स्थिति होगी। यह आशंका कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने जताई थी। संविधान को बदलने की बात राहुल गांधी ने की, जिन्हें किन्हीं भाजपा नेताओं ने ब्रीफ किया था। यहां तक आगाह किया गया कि देश में आग लग जाएगी। इनके अलावा अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, शरद पवार, सीताराम येचुरी, भगवंत मान आदि विपक्षी नेताओं ने रोजगार का संकट, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों का एमएसपी, जांच एजेंसियों की निरंकुशता और प्रशासन आदि के साझा मुद्दे उठाकर अपने लोकसभा चुनाव अभियान को गति दी। सारांश में विपक्ष की साझा रैली कई मायनों में असर छोड़ गई। एक बार फिर इंडिया बिखरने के बजाय लामबंद होता दिखाई दिया। आपसी विरोधाभास को भी उन्होंने स्वीकार किया। बेशक ममता बनर्जी और स्टालिन सरीखे मुख्यमंत्री रैली में नहीं आए, लेकिन उन्होंने अपने प्रतिनिधि भेजकर स्पष्ट किया कि वे आज भी इंडिया के घटक हैं। बहरहाल विपक्षी नेताओं ने चुनावों को लोकतंत्र–संविधान बचाने की सामूहिक कोशिश चित्रित किया। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी ने 1857 की प्रथम क्रांति की मूलभूमि मेरठ से चुनाव के दूसरे हिस्से का आगाज किया। उन्होंने भारत–रत्न चौधरी चरण सिंह के गौरव समारोह के जरिए पश्चिमी उप्र के किसानों, जाटों और मसीहा के भक्त–समर्थकों को साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चुनावी लड़ाई की चेतावनी भी कबूल की और देश से साझा किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी, क्योंकि जनता का जो पैसा लूटा गया है, वह उसे लौटा रहे हैं। अभी तक 17,000 करोड़ रुपए से अधिक लोगों को वापस किए जा चुके हैं, यह प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को मोदी की गारंटी करार दिया और कहा कि वह विपक्ष के रुदन और चिल्लाने से घबराने वाले नहीं हैं। इन दोनों जनसभाओं का आकलन करने के बाद चुनाव विश्लेषकों की व्याख्या है कि जितना एकतरफा आम चुनाव माना जाता रहा है, उतना नहीं है। कुछ गंभीर जन–समस्याओं पर लोगों में ध्रुवीकरण होने लगा है। अंडर करंट भी माना जा रहा है। उप्र और राजस्थान सरीखे राज्यों में जिस तरह एकतरफा मोदी लहर आंकी जा रही थी, अब वह स्थिति नहीं है। प्रधानमंत्री ने बूथ स्तर के काडर को अनुरोध किया है कि वे घर–घर जाएं और कहें कि मोदी जी ने नमस्कार भेजा है। बेशक भाजपा के पक्ष में भ्रष्टाचार के अलावा, अयोध्या राम मंदिर निर्माण, लाभार्थी योजनाएं, महिला वोट बैंक और मोदी सरकार की विभिन्न परियोजनाएं आदि हैं। यदि समूचा विपक्ष आज से ही एक सीट, एक साझा उम्मीदवार की रणनीति को अमलीजामा पहना दे और देश भर में सघन अभियान चलाए, तब भी मोदी और भाजपा–एनडीए दुर्जेय हैं। चुनाव विशेषज्ञों का मानना है कि तमिलनाडु, केरल सरीखे दक्षिण भारतीय राज्यों में इस बार प्रधानमंत्री मोदी, राम मंदिर, सनातन आदि को लेकर एक अनूठी लहर महसूस की जा रही है, लिहाजा भाजपा इस बार इन राज्यों में शून्य नहीं रहेगी। विपक्षी दल आपस में भाजपा–विरोधी वोटों को कम काटें और भरपूर मतदान हो, तब भी भाजपा को परास्त करना बहुत मुश्किल काम है, क्योंकि चुनाव घोषणा से पहले ही भाजपा के काडर ने सभी बुनियादी बंदोबस्त कर दिए थे। प्रधानमंत्री भी दक्षिण राज्यों में रोड शो जैसे प्रचार अभियान सम्पन्न कर चुके हैं।

# फिर राष्ट्रपति बनने की कवायद में जुटे ट्रंप की कंपनी के शेयर फिसले, नेटवर्थ एक अरब डॉलर घटा



**नई दिल्ली।** ट्रंप की कंपनी की ओर से निराशाजनक वित्तीय आंकड़े पेश करने के बाद इसके शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। कंपनी के आंकड़ों के अनुसार उसे 58 मिलियन अमरीकी डालर से अधिक का नुकसान हुआ है। 2023 में कंपनी ने न्यूनतम राजस्व सृजन किया है। अमेरिका में इस साल के अंत में होने वाले चुनावों के बाद व्हाइट हाउस में नए कार्यकाल की तैयारी में जुटे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए बाजार से एक बुरी खबर है।

उनके मीडिया उद्यम, ट्रम्प मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इसके परिणामस्वरूप उनकी कुल संपत्ति में 1 बिलियन अमरीकी डालर का नुकसान हुआ। सीएनएन अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। ट्रंप की कंपनी की ओर से निराशाजनक वित्तीय आंकड़े पेश करने के बाद इसके शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। कंपनी के आंकड़ों के अनुसार उसे 58 मिलियन अमरीकी डालर से अधिक का नुकसान हुआ है। 2023 में कंपनी ने न्यूनतम राजस्व सृजन किया है।

कंपनी में ट्रम्प की मेजॉरिटी ओनरशिप है, जिसके कारण कंपनी का प्रदर्शन सीधे पूर्व राष्ट्रपति की संपत्ति पर असर डालता है। कंपनी के शेयरों में हालिया गिरावट से उनकी संपत्ति में काफी नुकसान हुआ है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प मीडिया की नवीनतम नियामक फाइलिंग ने 2023 और पिछले वर्ष में अपने वित्तीय प्रदर्शन के बीच एक तेज अंतर का खुलासा किया है। जबकि कंपनी ने 2022 में 50.5 मिलियन अमरीकी डालर का लाभ दर्ज किया वहीं, 2023 में इसे 58.2 मिलियन अमरीकी डालर का भारी नुकसान हुआ। राजस्व के आंकड़े समान रूप से निराशाजनक रहे। ट्रम्प मीडिया ने केवल 4.1 मिलियन अमरीकी डालर का राजस्व कमाया, जिसमें 2022 के 1.5 मिलियन अमरीकी डॉलर के मुकाबले मामूली वृद्धि दिखी। इसके अलावा, 2023 की चौथी तिमाही में कंपनी के राजस्व में 39 प्रतिशत की गिरावट दिखी और यह केवल 7,51,500 अमेरिकी डॉलर ही रहा। इससे निवेशकों में कंपनी की स्थिरता के बारे में चिंता बढ़ गई। ट्रम्प मीडिया के शेयर मूल्य में भारी गिरावट के बावजूद (जो सोमवार को लगभग 21 प्रतिशत तक गिर गए) वर्ष की शुरूआत की तुलना में अब भी लगभग 200 प्रतिशत मजबूत हुए।

पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के पास कंपनी में 78.8 मिलियन शेयरों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है, जिसका मूल्य सोमवार की कीमतों पर लगभग 3.8 बिलियन अमरीकी डालर है। हालांकि, इसमें एक सप्ताह पहले के लगभग 6.3 बिलियन अमरीकी डॉलर के उच्चतम स्तर की तुलना में उल्लेखनीय कमी आई है।

# कुछ ऐसा करें कि आप जड़ों से जुड़ जाएं

## वित्त मंत्री ने राजनीति में आने के लिए महिलाओं को दी यह सलाह



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री ने युवाओं को सलाह दी है कि कुछ सार्वजनिक काम करें, आसपास के क्षेत्रों में मदद करें– यह पर्यावरण से संबंधित काम हो सकता है, यह एक झील का पुनरोद्धार करने जैसा कुछ हो सकता है जो खो गई थी। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसा करना शुरू करें, ताकि आप अपनी जड़ों से बंध जाएं और वह खुद आप में रुचि पैदा करे। तमिलनाडु के चेन्नई में एक कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजनीति में करियर बनाने की इच्छा रखने वाली महिलाओं को जड़ों से जुड़ने की सलाह दी है। युवा महिलाओं को राजनीति में अपना करियर बनाने की सलाह के बारे में पूछे जाने पर, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, कुछ सार्वजनिक काम करें, आसपास के क्षेत्रों में मदद करें– यह पर्यावरण से संबंधित काम हो सकता है, यह एक झील का पुनरोद्धार करने जैसा कुछ हो सकता है जो खो गई थी। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसा करना शुरू करें, ताकि आप अपनी जड़ों से बंध जाएं और वह खुद आप में रुचि पैदा करे।

# विस्तारा की उड़ानें रद्द होने के मामले का डीजीसीए ने लिया संज्ञान, मांगी रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** विस्तारा एयरलाइन की लगभग 50 उड़ानें रद्द की गई है। वहीं लगभग 160 के करीब विमान देरी से उड़े। मंगलवार को भी करीब 70 उड़ानें रद्द होने की आशंका है। अगर ऐसा होता है तो विस्तारा के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विस्तारा एयरलाइंस की बड़ी संख्या में उड़ाने रद्द होने और उड़ानों में देरी होने पर लोगों की नाराजगी के बाद सरकार हरकत में आ गई है। विमानन सेवाओं की निगरानी करने वाला नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस मामले का संज्ञान लिया है। दरअसल, हाल के कुछ दिनों में पायलटों की अनुपलब्धता के कारण कई उड़ाने रद्द करनी पड़ी। मंगलवार को जारी बयान में डीजीसीए ने कहा, मौजूदा स्थिति को देखते हुए एयरलाइन से उड़ानों के रद्द करने और देरी के लिए जानकारी और विवरण की मांग की गई है। डीजीसीए के अधिकारी भी स्थिति पर निगरानी बनाए हुए हैं। 70 उड़ाने रद्द होने की आशंका सोमवार को विस्तारा एयरलाइन की लगभग 50 उड़ानें रद्द की गई है। वहीं लगभग 160 के करीब विमान देरी से उड़े। मंगलवार को करीब 70 उड़ानें रद्द होने की आशंका है। अगर ऐसा होता है तो विस्तारा के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार, विस्तारा एयरलाइन 300 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन करती है। विमानन कंपनी प्रभावित यात्रियों का बैकलॉग हटाने के लिए घरेलू मार्गों पर बड़े आकार के ड्रीमलाइनर और एयरबस ए321 तैनात करने की योजना बना रही है। उड़ानों के रद्द होने और देरी का क्या है कारण एयर इंडिया और विस्तारा एयरलाइंस के विलय के तहत दोनों कंपनियों के क्रू को एक सैलरी स्ट्रक्चर के तहत लाने की तैयारी हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नई व्यवस्था के तहत विस्तारा के पायलट्स को 40 घंटे की उड़ान के बदले तय सैलरी मिलेगी।

## राशिफल

**मेष:** आज वैवाहिक संबंध में आपकी रूचि कम हो सकती है। आपके पास नए अधिग्रहण हो सकते हैं, जो आपके जीवन को अधिक आरामदायक बनाएंगे।

**वृष:** आपके लिए आज का दिन उन्नति दायक रहेगा। छोटी छोटी यात्राओं से आपको कुछ नए रिश्ते बनाने को मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां रहेंगी।

**मिथुन:** आज पैसों से जुड़ा किसी भी तरह का रिस्क ना लें। कोई भी बड़ा कदम लेने से पहले अच्छे से सोच–विचार कर लेना चाहिए। आज काम का बोझ अधिक होगा।

**कर्क:** किसी भी नये कार्य को करने से पहले अपने बड़ो–बुजुर्गों की सलाह जरूर लें। पारिवारिक माहौल को अच्छा बनाए रखने के लिए चिंतन करना पड़ेगा।

**सिंह:** आज दिन थोड़ा सा कमजोर है क्योंकि आप मानसिक रूप से तनावग्रस्त रहेंगे। आपके खर्चे भी अधिक होंगे और इनकम उनकी अपेक्षा में थोड़ी कम होगी।

**कन्या:** आज सफलता आपके कदम चूमेगी। आप अपनी ताकत और प्रतिष्ठा से पहचाने जायेंगे। आप किसी समारोह में जाने की योजना बनायेंगे।

**तुला:** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। आप अपने वरिष्ठों और सहकर्मियों का ध्यान समान रूप से आकर्षित करेंगे।

**वृश्चिक:** चिंताएं बढ़ेंगी और खर्चे भी बढ़ेंगे। सुख–सुविधाओं पर इतना खर्च कर देंगे कि यह सोचना मुश्किल पड़ जाएगा की आवश्यकता के लिए धन कहां से लाएं।

**धनु:** आज परिवार का सहयोग मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में आप कामयाब रहेंगे। दिन मौज–मस्ती में बीतेगा।

**मकर:** पारिवारिक–जीवन आरामदायक परिवेश से खुश रहेगा। आपके लिए गये कुछ फैसले अच्छे साबित होंगे और इससे आर्थिक संकट भी काफी दूर होगा।

**कुंभ:** यात्रा पर जाने के लिए भी दिन शुभ रहेगा। कोई खुशखबरी मिल सकती है जिससे आपके परिवार में खुशी की लहर दौड़ जाएगी।

**मीन:** आज किए कार्यों का नतीजा पक्ष में होगा। जो लोग कॉस्मेटिक का कारोबार कर रहे हैं, उनके लिये दिन ठीक रहेगा। कार्यों में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

## चुटकुले

बंटी – यार डब्बू, मच्छरों से छुटकारा
पाने का क्या उपाय है...?
डब्बू – रात को सोने से पहले एक
मच्छर मार दिया करो,
ताकि बाकी के मच्छर उसके
जनाजेपर चले जाएं
और फिर आप मजे से सो सकें...!

---

सत्य वचन...
जन्नत में जाना चाहते हो, तो मां के
पांव दबा कर सोया करो...
चाहे मां आपकी हो या आपके बच्चों की
कोई फर्क नहीं पड़ता...!

---

बॉस – जो अपनी बात दूसरों को
समझा ना सके,
उसे गधा कहते हैं...!
चिंटू – सर, क्या मतलब है इसका,
मैं समझा नहीं...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक कॉकरोच सिर काटने के बाद भी कई दिनों तक जीवित रह सकता है।
- तरबूज गर्भावस्था के दौरान एक सामान्य स्थिति, दिल की धड़कन को आसान बनाता है। यह सुबह की बीमारी को कम करने में भी मदद करता है। फल में खनिज तीसरे–तिमाही मांसपेशी ऐंठन को रोकने में मदद कर सकते हैं।
- लगातार किसी व्यक्ति का 11 दिन से अधिक जागना असंभव है।
- कुछ कीड़े भोजन न मिलने पर खुद को ही खा जाते हैं।
- आपको यह जानकर हैरानी होगी की लाइटर का आविष्कार माचिस से पहले हुआ था।
- कुवैत में दुनिया की सबसे पुरानी फिंगरप्रिंट पाषाण युग से मेल खाने वाले टूटे हुए मिट्टी के बर्तन के टुकड़े पर खोजी गई थी। यह फिंगरप्रिंट 7,300 साल पुराना है।
- क्या आप जानते हैं? ऐप्पल का आईफोन टच आईडी एक जीवित और मृत व्यक्ति के फिंगरप्रिंट के बीच एक अंतर बता सकती है, इसलिए यदि आप मर चुके हैं तो कोई भी आपकी टच आईडी का उपयोग करके अपने आईफोन में नहीं पहुंच पाएगा।

# मांग में तेजी और नए ऑर्डर से विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 16 साल के उच्चतम स्तर पर



**नई दिल्ली।** भारत में मार्च का विनिर्माण पीएमआई 2008 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। विनिर्माण कंपनियों ने मजबूत उत्पादन और नए आर्डर के बाद भर्ती में भी विस्तार किया है।

मांग में आई तेजी और उत्पादन व नए ऑर्डरों में अक्टूबर 2020 के बाद सबसे मजबूत वृद्धि के बाद मार्च में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 16 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) मार्च में 16 साल के उच्च स्तर 59.1 पर पहुंच गया, जो फरवरी में 56.9 पर था।

परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में सूचकांक का 50 से ऊपर रहना विस्तार को दशार्ता है जबकि 50 से नीचे रहना संकुचन को दशार्ता है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, ₹भारत में मार्च का विनिर्माण पीएमआई 2008 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। विनिर्माण कंपनियों ने मजबूत उत्पादन और नए आर्डर के बाद भर्ती का विस्तार किया।

मजबूत मांग और क्षमता में मामूली सख्ती के कारण मार्च में इनपुट लागत मुद्रास्फीति में तेजी आई।

मार्च में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में 33वें महीने और अक्टूबर 2020 के बाद से सबसे बड़ी वृद्धि दिखी। इस दौरान उपभोक्ता, मध्यवर्ती और निवेश वस्तुओं के क्षेत्रों में तेजी दिखी। घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों से नए काम की आमद मजबूत हुई। सर्वेक्षण में कहा गया है कि मई 2022 के बाद से नए निर्यात ऑर्डर सबसे तेज गति से बढ़े। 2023 के मध्य से खरीद की मात्रा में सबसे तेज दर से वृद्धि हुई, और यह लगभग 13 वर्षों में सबसे मजबूत रही।

नौकरियों की बात करें तो दो महीने पेरोल के मोटे तौर पर अपरिवर्तित रहने के बाद, मार्च में भारत के विनिर्माण क्षेत्र में श्रमिकों का इजाफा हुआ। सर्वेक्षण में कहा गया है कि रोजगार सृजन की गति हल्की रही, लेकिन यह सितंबर 2023 के बाद से सबसे अच्छी है।

मार्च महीने में कंपनियों पर लागत का दबाव पांच महीनों के उच्चतम स्तर पर रहा। कंपनियों ने कपास, लोहा, मशीनरी उपकरण, प्लास्टिक और स्टील के लिए अधिक भुगतान करने की सूचना दी।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 'हम लड़ते रहेंगे', लगातार तीन हार के बाद मुंबई के कप्तान का भावुक पोस्ट

● हार्दिक के नेतृत्व वाली टीम को अब जीत का खाता खोलने का इंतजार है।



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टीम को होम ग्राउंड पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली हार के बाद एक भावुक पोस्ट लिखा है। मुंबई की शुरूआत इस सीजन अच्छी नहीं हुई है और टीम को शुरूआती तीनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। हार्दिक के नेतृत्व वाली टीम को अब जीत का खाता खोलने का इंतजार है। हार्दिक के लिए वैसे भी यह सीजन हर मायने में निराशाजनक ही रहा है। रोहित शर्मा की जगह मुंबई की कप्तानी हार्दिक को सौंपने पर अबतक विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।

'हम कभी हार नहीं मानते' राजस्थान के खिलाफ मिली हार के बाद हार्दिक ने एक्स पर लिखा, 'अगर आप एक चीज जो इस टीम के बारे में जानते हैं वो यह है कि हम कभी हार नहीं मानते। हम लड़ते रहेंगे और आगे बढ़ते जाएंगे।'हार्दिक को झेलनी पड़ रही है फैंस की नाराजगी हार्दिक पांड्या के लिए आईपीएल का 17वां सीजन अब तक बुरी यादों वाला रहा है और उन्हें इस दौरान फैंस की नाराजगी का भी सामना करना पड़ रहा है।

स्टेडियम में उन्हें लगातार दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही कुछ वानखेड़े स्टेडियम पर भी देखने मिला जो मुंबई का होम ग्राउंड है। मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर इस सीजन पहली बार खेलने उतरी, लेकिन टीम के नए कप्तान हार्दिक को यहां भी हूटिंग का सामना करना पड़ा।

### हार्दिक को करना पड़ रहा आलोचनाओं का सामना

हार्दिक को पहले फैंस ने हूटिंग का शिकार बनाया और अब वह पूर्व खिलाड़ियों के निशाने पर भी आ गए हैं। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस को मिली हार के बाद हार्दिक की कप्तानी की आलोचना की है। इरफान ने एक्स पर लिखा कि अगर कप्तान कुछ कठिन चीजें नहीं कर सकता तो वह टीम का सम्मान कभी अर्जित नहीं कर सकेगा।

### राजस्थान के खिलाफ रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे मुंबई के बल्लेबाज

राजस्थान के खिलाफ मुंबई इंडियंस की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी, लेकिन टीम के बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे। टीम ने पहले ही ओवर में रोहित शर्मा और नमन धीर के विकेट गंवाए और फिर डेवाल्ड ब्रेविस और इशान किशन भी सस्ते में आउट हो गए। हालांकि हार्दिक और तिलक वर्मा ने कुछ सधी हुई पारियां खेली जिससे मुंबई की टीम 125 रनों का स्कोर बनाने में सफल रही। जवाब में राजस्थान ने 27 गेंद शेष रहते 127 रन बनाकर जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस ने इस तरह हार की हैट्रिक लगाई और वह अभी भी अंक तालिका में सबसे नीचे मौजूद है।

# क्या 10 साल बाद चैंपियंस टी20 लीग की होगी वापसी? भारत समेत तीन देशों ने दिखाई दिलचस्पी



**मुंबई।** फ्रेंचाइजी क्रिकेट में बढ़ती दिलचस्पी की वजह से दुनिया भर के क्रिकेट बोर्ड ने अपने-अपने देश में किसी न किसी टी20 लीग की शुरूआत कर दी है। हालांकि, अभी भी आईपीएल का अपना रुतबा है और कोई भी टी20 लीग इसकी तुलना में आसपास भी नहीं है। शुरू-शुरू में जब आईपीएल की शुरूआत हुई थी तो दुनिया भर की टीमों को मिलाकर एक और लीग खेली जाती थी। इसका नाम चैंपियंस लीग टी20। इसमें आईपीएल की टीमों के अलावा इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड की टी20 टीमें हिस्सा लेती थीं। कुल मिलाकर 12 टीमों के बीच टक्कर होती थी। हालांकि, 2014 में इसे बंद कर दिया गया था। अब इस लीग को फिर से शुरू करने की बात जारी है। भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट बोर्ड्स ने इस लीग को दोबारा से शुरू करने में दिलचस्पी दिखाई है और इन बोर्ड्स के बीच बातचीत जारी है। हालांकि, अब सभी देश में टी20 लीग हैं। ऐसे में इनसे टीमों के चुने जाने पर चैंपियंस लीग टी20 का रोमांच और बढ़ सकता है। तीन देशों के बीच बातचीत जारी भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड दस साल पहले बंद हो चुकी चैंपियंस लीग क्लब टी20 चैम्पियनशिप को फिर शुरू करने के लिये आपस में बातचीत कर रहे हैं। आखिरी बार चैंपियंस टी20 लीग का आयोजन 2014 में हुआ था जब चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस समय भारत से तीन, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से दो दो और पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड से एक एक टीम ने इसमें भाग लिया था। 2014 तक छह सीजन खेले गए चैंपियंस लीग में 2009 से लेकर 2014 के बीच छह सीजन खेले गए जिनमें से चार भारत में और दो दक्षिण अफ्रीका में हुए। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने दो-दो बार खिताब जीता, जबकि आस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स जैसी टीमों ने एक-एक बार खिताब जीता। क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने कहा कि अति व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर में इसके लिए विंडो बनाना सबसे बड़ी चुनौती है।

# इंग्लैंड को लगा बड़ा झटका बेन स्टोक्स नहीं खेलेंगे विश्व कप, खुद को बाहर रखने की जताई इच्छा



**लंदन।** इंग्लैंड को टी20 विश्व कप शुरू होने से पहले ही बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने खुद को इस वैश्विक टूनामेंट के लिए इंग्लैंड टीम में नहीं चुनने का आग्राह किया है। टी20 विश्व कप का आयोजन आईपीएल 2024 सीजन के तुरंत बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होना है। इंग्लैंड की टीम इस टूनार्मेंट में अपने खिताब के बचाव के लिए उतरेगी। स्टोक्स ने 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को विश्व विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद हालांकि स्टोक्स सिर्फ दो मैच में ही खेले थे और वो भी पिछले साल आईपीएल में। स्टोक्स ने इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को इस बात की जानकारी दी है। उनका कहना है कि वह इसलिए यह बलिदान दे रहे हैं क्योंकि इससे उन्हें वैसा ऑलराउंडर बनने में मदद मिलेगी जैसा वह बनना चाहते हैं। पिछले साल वनडे से संन्यास लेने के फैसले पर लिया था यूटर्न स्टोक्स ने पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए वनडे से संन्यास लेने के अपने फैसले पर यूटर्न लिया था।

घुटने की सर्जरी के कारण स्टोक्स ज्यादा क्रिकेट नहीं खेल पा रहे हैं। आईपीएल शुरू होने से पहले भारत और इंग्लैंड के बीच संपन्न हुई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान स्टोक्स ने सिर्फ पांच ओवर गेंदबाजी की थी। स्टोक्स ने आईपीएल के सीजन से भी हटने का फैसला किया था और उम्मीद है कि वह अगले कुछ महीनों में काउंटी चैंपियनशिप में डरहम के लिए खेलेंगे। किन कारणों से स्टोक्स ने लिया फैसला ईसीबी ने स्टोक्स के बाहर होने पर बयान जारी किया। इसमें स्टोक्स ने कहा, मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और क्रिकेट के सभी प्रारूपों में एक ऑलराउंडर की भूमिका के लिए अपनी गेंदबाजी फिटनेस को मजबूत करने पर काम कर रहा हूं। आईपीएल और विश्व कप से बाहर होने मेरे लिए बलिदान देने जैसा है क्योंकि इससे मुझे निकट भविष्ट में एक बेहतर ऑलराउंडर बनने में मदद मिलेगी। हाल ही में भारत के खिलाफ संपन्न हुई टेस्ट सीरीज के दौरान मुझे पता चला कि सर्जरी के बाद नौ महीने तक गेंदबाजी नहीं कर पाने के कारण गेंदबाजी के मामले में मैं कितना पीछे चल रहा हूं। मैं हमारे टेस्ट समर में काउंटी चैंपियनशिप के दौरान डरहम के लिए खेलने को लेकर उत्सुक हूं। मैं जोस बलटर, मैथ्यू मॉट और पूरी टीम को शुभकामनाएं देता हूं कि वह हमारे खिताब की रक्षा का अभियान बेहतर तरीके से पूरा करें। टी20 विश्व कप के लिए उपलब्ध रहने की उम्मीद थी स्टोक्स सर्जरी से पहले टी20 विश्व कप में खेलने को लेकर प्रतिबद्ध नहीं थे, लेकिन पिछले सप्ताह उन्होंने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि वह टूनार्मेंट के लिए उपलब्ध रहेंगे। इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कोच मैथ्यू मॉट ने दिसंबर में इस बात की पुष्टि की थी कि स्टोक्स की उपलब्धता उनके फिटनेस पर निर्भर करेगी। मॉट ने कहा था, 'स्टोक्स हमें शीर्ष छह में तेज गेंदबाजी का विकल्प उपलब्ध कराते हैं जिससे हमें टीम को संतुलित करने का मौका मिलता है।

# मीराबाई चानू ने पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की



फुकेट। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित कर ली। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया। यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूनार्मेंट है। मीराबाई ने कहा, ह्यह्यचोट के बाद वापसी करना अविश्वसनीय लगता है। आज मैंने जो भी लिफ्ट की वह लगभग साफ, स्पष्ट और शक्तिशाली लगी और मैं इस प्रतियोगिता से मजबूत होकर और आत्मविश्वास के साथ जा रही हूं। उन्होंने कहा, रिहैबिलिटेशन कठिन था लेकिन इस प्रक्रिया में शामिल सभी लोगों के समर्थन से मैं हर तरह की जटिलताओं से उबर गई। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे कर लिए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूनार्मेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल है। भारत की 2017 विश्व चैंपियन मीराबाई वर्तमान में महिलाओं की 49 किग्रा ओलंपिक क्वालिफिकेशन रैंकिंग (ओक्यूआर) में चीन की जियान हुईहुआ के बाद दूसरे स्थान पर है। क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों की आधिकारिक घोषणा विश्व कप के समापन के बाद होगी जब ओक्यूआर अपडेट किया जाएगा। प्रत्येक भार वर्ग से शीर्ष 10 भारोत्तोलक पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगे। मीराबाई ने कहा, लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान सुरक्षित करना था और अब जब मैं पेरिस ओलंपिक में लगभग जगह बना चुकी हूं तो मेरा सारा ध्यान पेरिस ओलंपिक में अपनी छाप छोड़ने पर है। मीराबाई ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल सितंबर में एशियाई खेलों में भाग लिया था जहां वह चोटिल हो गई थी। वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन उन्होंने पांच बार वजन उठाने में कोई गलती नहीं की। स्नैच और क्लीन एवं जर्क में वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब भी नहीं पहुंच पाई। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा है, जबकि उन्होंने 2021 में एशियाई चैंपियनशिप में क्लीन एंड जर्क में 119 किग्रा का तत्कालीन विश्व रिकॉर्ड बनाया था। लेकिन अभी वह चोट से उभरी है और जुलाई तक उनके अपने चरम पर पहुंचने की संभावना है। मीराबाई पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाली अकेली भारतीय भारोत्तोलक होंगी। यह तीसरा अवसर होगा जबकि वह ओलंपिक में हिस्सा लेगी।

# फिर इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरेंगे राहुल? आरसीबी में टॉप्ली को मिल सकती है जगह



**बैंगलोर।** लखनऊ सुपरजाएंट्स के नियमित कप्तान केएल राहुल पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान पर उतरे थे। लखनऊ का आज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) से सामना होना है और एक बार फिर सभी की नजरें इस बात पर टिकी होंगी कि क्या राहुल इस मैच में भी इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरेंगे या पूर्ण रूप से जिम्मेदारी संभालते हुए दिखेंगे। लखनऊ प्रबंधन का कहना है कि चोट से वापसी करते हुए राहुल पर ज्यादा वर्कलोड नहीं डाला जाए इसलिए उन्हें इंपैक्ट के तौर पर खिलाया जा रहा है। माना जा रहा है कि आरसीबी के खिलाफ भी निकोलस पूरन ही टीम की कमान संभालते दिखेंगे। राहुल ने नेट्स पर बहाया पसीना राहुल ने आरसीबी के खिलाफ मैच से पहले नेट्स पर जमकर पसीना बहाया, लेकिन टीम प्रबंधन ने अबतक उनकी भूमिका स्पष्ट नहीं की है। जब लखनऊ के स्टैंडबाई कप्तान पूरन से निकोलस की उपलब्धता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'हम देखेंगे कि राहुल अभ्यास के दौरान क्या करते हैं और इसी आधार पर कोई फैसला लेंगे।' राहुल ने नेट सत्र के दौरान बल्लेबाजी की, लेकिन वह विकेटकीपिंग से दूर रहे। इससे संकेत मिल रहे हैं कि आज होने वाले मैच में राहुल विकेटकीपर की भूमिका में नहीं होंगे और उनकी जगह क्विंटन डिकॉक विकेट के पीछे जिम्मा संभालेंगे। मालूम हो कि आईपीएल शुरू होन से पहले बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने राहुल को हरी झंडी देते हुए सलाह दी थी कि वह शुरूआती कुछ मैचों में विकेटकीपर के तौर पर नहीं खेलें, लेकिन राहुल इस सीजन पहले मैच में विकेटकीपर के तौर पर उतरे थे। डुप्लेसिस को करना होगा बेहतर प्रदर्शन आईपीएल के मौजूदा सीजन में अबतक अपने बल्ले से प्रभावित नहीं कर सके फाफ डुप्लेसिस को लखनऊ के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा। लखनऊ के गेंदबाजों के खिलाफ डुप्लेसिस का बल्ला आग उगलता है। रवि बिश्नोई और शिवम मावी के खिलाफ डुप्लेसिस ने 155.6 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जबकि क्रुणाल पांड्या के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 127 का है। जमकर बोल रहा है कोहली का बल्ला लंबे समय बाद आईपीएल से मैदान पर वापसी करने वाले विराट कोहली का बल्ला आईपीएल के इस सीजन में भी जमकर बोल रहा है। उन्होंने पिछले दो मैचों में अर्धशतक लगाए हैं। लखनऊ को अगर आरसीबी पर दबाव बनाना है तो उन्हें कोहली को जल्द ही पवेलियन भेजना होगा। हालांकि टीम का अन्य बल्लेबाज बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है और दूसरे छोर से कोहली को किसी का साथ नहीं मिल रहा है। कोहली के अलावा डुप्लेसिस, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन को भी बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। जलवा नहीं बिखेर सके हैं आरसीबी के मुख्य गेंदबाज बैंगलुरु की चिंता सिर्फ उसके बल्लेबाजों का निरंतर बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाने तक सीमित नहीं है। उसके मुख्य गेंदबाज भी अबतक जलवा नहीं बिखेर सके हैं। आरसीबी का तेज गेंदबाजी विभाग मोहम्मद सिराज पर निर्भर है जिन्होंने अबतक तीन मैचों में दो विकेट लिए हैं। सिराज ने अबतक 10 रन प्रति ओवर की दर से रन लुटाए हैं। इसके अलावा अल्जारी जोसेफ भी असफल रहे हैं। जोसेफ ने अबतक एक विकेट लिया है और उम्मीद है कि आरसीबी लखनऊ के खिलाफ उन्हें प्लेइंग-11 में मौका नहीं देगा।

## जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा राजस्थान, रियान पराग ने हासिल की ऑरेंज कैप



**मुंबई।** आईपीएल के 14वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज कर अपनी जीत की लहर को बरकरार रखा और अंक तालिका में छह अंकों के साथ पहले स्थान पर पहुंच गई। वहीं, मुंबई अब तक इस टूनार्मेंट में पहली जीत नहीं हासिल कर पाई है और 10वें पायदान पर है। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 125 रन बनाए। इसके जवाब में संजू सैमसन की टीम ने 15.3 ओवर में चार विकेट खोकर 127 रन बनाए और मैच जीत लिया। फिर नहीं चला यशस्वी का बल्ला 126 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरूआत कुछ खास नहीं हुई। टीम को पहला झटका 10 रन के स्कोर पर लगा। क्वेन मफाका ने यशस्वी जायसवाल को पहले ओवर की आखिरी गेंद पर आउट किया। वह सिर्फ 10 रन बना सके। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए संजू सैमसन ने जोस बटलर के साथ दूसरे विकेट के लिए 32 रन की साझेदारी निभाई, जिसे आकाश मधवाल ने पांचवें ओवर में तोड़ा। उन्होंने राजस्थान के कप्तान को 42 रन के स्कोर पर आउट किया। वह सिर्फ 12 रन बना सके। इसके बाद आकाश ने जोस बटलर को अपना शिकार बनाया। वह 13 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आकाश ने अपने दूसरे ओवर में शिकार बनाया। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए रविचंद्रन अश्विन आए जिन्होंने चौथे विकेट के लिए रियान पराग के साथ 40 रन की साझेदारी निभाई, लेकिन आकाश ने उन्हें भी नहीं बख्शा और पवेलियन भेज दिया। अश्विन ने एक चौके की मदद से 16 रन बनाए। रियान पराग ने हासिल की ऑरेंज कैप इसके बाद रियान पराग और शुभम दुबे ने टीम को 16वें ओवर में जीत दिलाई। दोनों के बीच 39 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। पराग इस टूनार्मेंट में दमदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने 39 गेंदों में 54 रन की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से पांच चौके और तीन छक्के निकले। इस शानदार पारी के साथ रियान ऑरेंज कैप की रेस में विराट कोहली के शीर्ष पर पहुंच गए हैं। दोनों ने इस टूनार्मेंट में 181 रन बना लिए हैं। शुभम दुबे आठ रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई के लिए आकाश मधवाल ने घातक गेंदबाजी की। उन्होंने तीन विकेट हासिल किए जबकि क्वेन मफाका को एक विकेट मिला।

# बल्ले से कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं रियान पराग स्ट्राइक रेट के मामले में कोहली से आगे निकले



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग आईपीएल 2024 के इस सीजन में लगातार अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित कर रहे हैं। पराग अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी से टीम को जीत दिलाने में भूमिका निभा रहे हैं। पराग ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सोमवार को खेले गए मैच के दौरान भी ऐसा ही किया। कम स्कोर का पीछा करते हुए पराग ने धैर्यपूर्ण पारी खेली और इस सीजन का अपना दूसरा अर्धशतक जड़ दिया। पराग का इस दौरान स्ट्राइक रेट 160.17 का रहा जो रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली से बेहतर है। कोहली का इस सीजन स्ट्राइक रेट फिलहाल 141.40 का है। ऑरेंज कैप की दौड़ में आगे निकले रियान पराग रियान पराग मुंबई इंडियंस के खिलाफ अर्धशतक लगाने की मदद से ऑरेंज कैप की दौड़ में आगे निकल गए हैं। पराग इस टूनार्मेंट में दमदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने 39 गेंदों में 54 रन की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से पांच चौके और तीन छक्के निकले। इस शानदार पारी के साथ पराग ऑरेंज कैप की रेस में विराट कोहली के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं। दोनों बल्लेबाजों ने इस टूनार्मेंट में 181 रन बनाए हैं। कोहली और पराग दोनों ही बल्लेबाजों के नाम तीन मैचों में दो अर्धशतक हैं। इस सीजन रियान पराग के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने लखनऊ सुपरजाएंट्स के खिलाफ पहले मैच में 29 गेंदों पर 43 रनों की पारी खेली। इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद 84 रनों की पारी खेली जो आईपीएल करियर की उनकी सबसे अच्छी पारी रही। फिर उन्होंने मुंबई के खिलाफ भी अपनी बल्लेबाजी का लोहा मनवाया। पिछले सीजन रियान का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। उन्हें 2023 सीजन में सात मैचों में खेलने का अवसर मिला और इस दौरान उन्होंने 78 रन बनाए जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 20 रन रहा था। पिछले सीजन रियान एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए थे, जबकि इस सीजन वह अब तक दो पचासे जड़ चुके हैं। चौथे नंबर पर रियान को मिल रही सफलता रियान पराग आईपीएल 2024 सीजन में कुछ अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। रियान राजस्थान के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतर रहे हैं और इस स्थान पर उन्हें काफी सफलता भी मिल रही है। इसी नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए रियान ने 2023-24 घरेलू सीजन में अपनी टीम असम के लिए भी सफलता प्राप्त की थी। रियान ने 17 साल की उम्र में 2019 में आईपीएल में डेब्यू किया था। वह अबतक आईपीएल में 57 मैच खेल चुके हैं। असम का यह युवा बल्लेबाज कितना प्रतिभाशाली है इस बात अंदाजा का 2018 अंडर-19 विश्व कप में उनके रिकॉर्ड को देखकर ही लगाया जा सकता है। शुरूआती नौ मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लेने दूसरे गेंदबाज बने आकाश मुंबई इंडियंस के गेंदबाज आकाश मधवाल ने राजस्थान के खिलाफ तीन विकेट चटकाए। वह आईपीएल में शुरूआती नौ मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। मधवाल अबतक 17 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। इस मामले में उनसे आगे संदीप शर्मा हैं जिन्होंने इतने मैचों में 18 विकेट लिए थे। आकाश खलील अहमद के साथ इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं।

## भारतीय जूनियर कोच ने अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों के साथ अभ्यास शिविर की मांग की



**रोहतक।** राष्ट्रीय जूनियर महिला मुक्केबाजी कोच गीता चानू का मानना है कि भारत में खेल के विकास के लिये अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों के साथ एक महीने का अभ्यास शिविर लगाया जाना चाहिये। चानू ने कहा कि उजबेकिस्तान और कजाखस्तान जैसे देश इस खेल में महाशक्ति इसलिये बन सके हैं क्योंकि इनमें संबंधित बोर्ड के बीच आपस में समन्वय है। चानू ने कहा, उजबेकिस्तान और कजाखस्तान के मुक्केबाजों के पास दमखम के साथ आत्मविश्वास भी है। उजबेकिस्तान, कजाखस्तान और तुर्कमेनिस्तान जैसे देश विभिन्न आयुवर्ग के लिये साथ में अभ्यास और प्रतिस्पर्धा शिविर लगाते हैं। इससे कम उम्र में ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने जैसा अनुभव मिल जाता है। उन्होंने कहा, हमारे खिलाड़ी बहु राष्ट्रीय टूनार्मेंटों में ही अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजों का सामना करते हैं। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने यहां जूनियर लड़के और लड़कियों के लिये भारतीय खेल प्राधिकरण की जूनियर मुक्केबाजी अकादमी में शिविर का आयोजन किया था।

## दो मैचों के कार्यक्रम में हुआ बदलाव

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डेंस में 17 अप्रैल को होने वाले मुकाबले के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। इन दोनों टीमों के बीच अब यह मुकाबला एक दिन पहले यानी 16 अप्रैल को खेला जाएगा। इस दिन पहले गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला होना था, लेकिन केकेआर और राजस्थान के मैच में बदलाव के कारण अब गुजरात और दिल्ली के बीच मैच 17 अप्रैल को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में ही होगा। रामनवमी को देखते हुए किया गया बदलाव आईपीएल के इन मैचों के कार्यक्रम में बदलाव रामनवमी को देखते हुए लिया गया है। इस वार्षिक त्योहार को देशभर में सनातन धर्म को मानने लोग धूमधाम से मनाते हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल में 19 अप्रैल से लोकसभा के चुनाव भी शुरू हो जाएंगे। इसे देखते हुए कोलकाता पुलिस ने मैच के लिए सुरक्षा मुहैया कराने में असमर्थता जताई थी। केकेआर और राजस्थान के बीच मैच में बदलाव को लेकर लगातार अटकलें चल रही थी। बताया गया था कि कोलकाता पुलिस, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के बीच इसे लेकर चर्चा चल रही है, लेकिन अंततः मैच की तिथि में बदलाव करने का फैसला लिया गया।

**संबंध-विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र अजीत को उसके गलत व्यवहार व बात न मानने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा।

विमलेश पत्नी राम सिंह निवासी मकान नंबर 214 कृष्ण विहार पसोंडा गाजियाबाद,हाल निवासी, के एच नंबर 519 प्लॉट नंबर 30 रमा बिहार कुटी भोपुरा साहिबाबाद,गाजियाबाद।

**Notice**

I somi Sharma and somi Arora w/o Sh Lovey Arora R/o 108,Mirzajan Sihani Gate Ghaziabad-201001, both the names I.e. Somi Arora and Somi Sharma are same person.After marriage my name became Somi Arora, but now I will be known as Somi Sharma .

# जंगल में लगी आग की जांच होगी: ईशा तिवारी

● आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की पहुंचीं गाड़ियां



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बीते सोमवार की रात को गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र झाल चौकी के समीप डासना फॉरेस्ट के जंगल की सूखी झाड़ियों में आग लग गई जिसकी सूचना तेजी से फैल गई। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं। रात में जंगल में लगी आग पर काबू पा लिया गया।

लगभग जंगल के आधे हिस्से में आग लग गई थी जिसे पर्यावरण को काफी नुकसान देखने को मिला तो वही आईएफएस ईशा तिवारी सीओ गाजियाबाद ने बताया कि हो सकता है आग किसी शरारती तत्व ने लगाई हो या जैसे भी आग लगी है यह गलत हुआ है।

जांच की जाएगी कि आग किस कारण लगी है। अगर इसमें कोई भी आसपास क्षेत्र से या शरारती तत्व पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।





# पत्नी का हत्यारा पति किया गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**लोनी, करंट क्राइम।** पत्नी की पति ने तीन दिन पर्व फावड़े से ताबड़तोड़ वार कर बेरहमी से हत्या करदी थी। उसी दिन तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस हत्यारे की तलाश में जुटी थी, मंगलवार 2 अप्रैल को लोनी पुलिस ने हत्यारे पति को गिरफ्तार कर लिया।

एसीपी सूर्य वली मौर्य ने बताया कि कस्बा चौकी क्षेत्र की पूर्वी मुस्तफाबाद कॉलोनी निवासी अयूब नशे का आदि है। अयूब को अपनी पत्नी फरजाना के आचरण पर शक था। इसलिए वह शराब के नशे में रहता था 30 मार्च को उसने अपनी पत्नी फरजाना पर चरित्रहीनता के अनाप-शनाप आरोप लगा दिए, फरजाना ने विरोध किया तो अयूब ने फावड़े से फरजाना पर ताबड़तोड़ वार किये जिससे



वह खून से लथपथ होकर धराशायी हो गई। अयूब ने अपने बच्चों के साथ भी मारपीट की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फरजाना को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले गई लेकिन डॉक्टरों ने वहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने फरजाना की हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने 2 अप्रैल को हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया। अयूब से हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद हो गया है लोनी पुलिस ने हत्यारे को जेल भेज दिया है।




### कोर्डीनेशन बनाने आये हैंड पंप वाले ही कर गये रेखा खींच कर जम्प

अगर राईट शब्दों में कहें तो वैसे तो उनकी हालत इस फूल बैंड में झुनझुने वालों से ज्यादा नही हैं। वो बजाये तो भी ठीक और ना बजाये तो भी कोई फर्क नही पड़ रहा है। फूल वाले तो अकेले ही एलान कर चुके है कि इतने लाख से फूल खिल रहा है। लेकिन मंच माईक माला में तो भागीदारी हैंडपंप वाले चाहते ही हैं और जब इलेक्शन में फूल वालों ने हैंडपंप वालों को समन्वय यानि कोर्डीनेशन बनाने के लिये बुलाया तो यहां हैंडपंप वालों में ही कोर्डीनेशन को लेकर टेंशन हो गई। मंच एक था और माईक दो थे, फूल वाले अपनो को बुला रहे थे और हैंडपंप वालो की मैडम अपने वालों को बुला रही थी। नेतागिरी करें और माईक माला मंच ना मिले तो फिर लाईफ में रोमांच ही क्या बचता है सुना है कि मैडम पहले बिरादरी के जिला प्रधान बने चौधरी साहब को भूल गईं और फिर ये हुया कि वकील साहब कचहरी वाले भी ना पुकारे गये लेकिन वो भी पूरे कलाकार हैं और मंच पर कुर्सी तक पहुंच ही गए। जब मैडम ने रेखा हीद खींच दी तो चौधराहट कब तक बरदाश्त करती ये बात। पीर इतनी हो गई कि हैंडपंप वाले हॉल से तीर हो गये। सीन पर चुटकी भी फूल वालों ने ही ली ओर कहा कि भईया हमारी चूक हो तो बताओं। मंच पर मैडम तुम्हारी और माईक मैडम के हाथ में, किसी बुलाना है किसी ने नही बुलाना है वो लिस्ट भी मैडम के पास में। भगवा जुबान से निकल भी गया कि समन्वय हैंडपंप वालो में आपस में नही और आ गये हमसे समन्वय बिठाने।

### उन्होने किसी को विधायक बनने से नही रोका ना सांसद बनने से रोकेगें

जब तक लिस्ट होल्ड थी तो कोई दिक्कत नही थी और लोकल वोकल का पूरा भौकाल मच रहा था। कभी इसका नाम तो कभी उसका नाम चल रहा था। लिस्ट क्या आई कि गिनती के दस चेहरों ने तूफान उठा दिया कि हमारी पूछ नही हुई और अब बात मूंछ की आ गई है। चर्चा यही हुई कि क्या पर्चा भरने से पहले विधायक जी किसी को मनाने जायेगें। यहां खास भाजपाई ने ही कहा कि वो मैनेजमेंट गुरू हैं और किसी का दिल नही तोड़ेगें। जब वो एक लाख वोटो से चुनाव जीत कर विधायक बने थे तो उन्होने बड़े दिल का परिचय देते हुये सबको चुनाव लड़ने को कहा था। उन्होने कह दिया था कि मैं नही चाहता कि कोई भी व्यक्ति इस मलाल में रहें कि अगर मुझे चुनाव लड़ने दिया गया होतो तो विधायक होता। इसलिये सब चुनाव लड़े और मुझे हराने की अपनी इच्छा पूरी करें। शुक्ला जी से लेकर रानी ओड की जी चुनाव लड़ने की इच्छा जमानत जब्त के साथ पूरी हुई थी। लोकतंत्र में सभी को स्वतंत्र रखने के वो इस बार भी पक्षधर रहेगें

### कौन निकाल रहा है एक दूसरे के बूथ का पुराना चुनावी शिजरा

इस बार फिर से दोनो युवराज हाथ मिलाकर चुनावी रण में आ गये हैं। सरकार बनाने का दावा करने वाले 17 सीटों पर चुनाव लड़ने को राजी हो गये हैं। भगवा गढ़ में सगंठन वाला बल दोनो का ही लगभग निल सा चल रहा है। दोनो पक्ष जानते हैं कि मतदान के बाद क्या होना है लिहाजा उसकी तैयारी पहले से चल रही है। साईकिल वाले अपने मोहल्ले में रहने वाले हैंड लीडर के बूथ पर हैंड को मिले वोटों का शिजरा निकाल रहे हैं। कम हाथ वाले भी नही हैं और उन्होने भी साईकिल वालों के लीडर के बूथ का पिछ ला चुनावी डाटा निकाल लिया है। कहने वाले ने कहा कि नतीजा तो जो आयेगा वो आयेगा लेकिन य शिजरा चुनाव के बाद एक दूसरे पर ठीकरे फोड़ने के काम आयेगा।

## न्यूज डायरी

### विवाहिता को मारपीट कर घर से बाहर निकाला

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक विवाहिता को ससुराल पक्ष के लोगों ने पांच लाख की नगदी व कार की डिमांड पूरी ना करने पर मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव खिंदौड़ा निवासी श्रीमती पायल त्यागी ने दर्ज करायी रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी बागपत के मुकारी गांव निवासी लवीश त्यागी से 17 जनवरी 2019 में हुई थी, शादी के बाद उसने एक पुत्र को भी जन्म दिया। आरोप है कि सुसराल पक्ष ने पांच लाख की नगदी व एक गाड़ी की डिमांड करनी शुरू कर दी। विरोध जताने पर इन लोगों ने उसके साथ मारपीट व अभद्रता कर डाली और मांग पूरी ना करने पर मायके छोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी पति लवीश त्यागी, इंद्रा, नरेंद्र, अजेंद्र व दो तीन अज्ञात निवासी मुकारी, बागपत के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्रैवलिंग एजेंट ने गाली गलौच कर दी जान से मारने की धमकी

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक छात्र ने ऑनलाइन गुड़गांव की एक ट्रैवलिंग कंपनी को कर्नाटक जाने के लिये टिकट बुकिंग के 12हजार से अधिक रुपएं दे दिये लेकिन टिकट ना मिलने पर जब उसने रुपयों का तगादा किया तो ट्रैवलिंग एजेंट ने उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। विजयनगर निवासी राजदीप राणा कर्नाटक के बंगलौर की एलबस यूनिवर्सिटी में बीबीए, एलएलबी फाइनल का छात्र है। उसने बताया कि जब वह पांच माह पूर्व छुटटी पर अपने घर आया था और 12 मार्च को यूनिवर्सिटी जाने के लिये उसने मोबाइल फोन से ट्रैवलिंग एजेंसी का सर्च किया, गुडगांव की आशीष टूर एंड ट्रैवल्स एजेंसी को उसने एअर टिकट बुकिंग के लिये 12हजार 787 रुपये दे दिये।

### व्हाटसअप पर सट्टा खिलाते आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पुलिस ने मोबाइल पर सट्टा खिलाने की शिकायत पर छापा मारकर एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास ने 2250 रुपए की नगदी व सट्टे में प्रयुक्त मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली कि तिबड़ा रोड पर एक युवक मोबाइल पर व्हाटसअप ग्रुप बनाकर सट्टा खिलाता है जिसके आधार पर पुलिस ने छापा मारा। पकड़ा गया युवक भूपेंद्रपुरी गली निवासी प्रिंस उर्फ टिंकू है। उसने पूछताछ में सट्टा खिलाने की बात स्वीकार की जिसके आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### दो दिन पूर्व लापता हुए फल विक्रेता का शव बरामद

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर के मुलतानीपुरा पड़ाव कॉलोनी से दो दिन पूर्व लापता हुए फल विक्रेता अभिषेक का शव हनुमानपुरी कॉलोनी के समीप रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। फल विक्रेता का मोबाइल उसके साथी के पास मिला। पुलिस इसे दुर्घटना मान रही है। पड़ाव निवासी 25 वर्षीय अभिषेक फल विक्रेता था। बताया गया कि दो दिन पूर्व अभिषेक घर से किसी काम के लिए निकला, मगर रात तक नहीं लौटा। परिजनों ने उसे काफी तलाश किया, लेकिन अभिषेक का कोई पता नहीं लगा। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस और परिजन अभिषेक की तलाश में लगे थे।

# साहित्य मंच की मासिक बैठक आयोजित

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** साहित्य मंच की मासिक बैठक आयोजित की गई जिसमें कवियों ने अपनी कविताओं से माहौल को खुशनुमा बना दिया। कृष्णा नगर में आयोजित बैठक में कवि प्रदीप भारद्वाज ने अपनी पंक्तियों में जब देशधर्म की चौखट तक काले भविष्य की छाया हो, तब हे अर्जुन, हर हालत में गांडीव उठाना बेहतर है, पर जमकर वाहवाही लूटी। गोष्ठी की अध्यक्षता रामकुमार सौमित्र ने व संचालन भारत भूषण ने किया। गोष्ठी में कवि देवीशरण ने जीवन के सत्य को रेखांकित करते हुए कहा कि आ गये पतझड़ यहां, पात सब गिर जाएंगे। कुछ यहां गिर जाएंगे, कुछ वहां गिर जाएंगे। कवि योगेन्द्र कुमार ने पुलवामा घटना पर वीर रस की रचना में कहा कि हे वीर धरा सुनसान है क्या कृष्ण अर्जुन गुमनाम हैं, थी धरा रणकौशल की जो आज क्यों बदनाम है। कवि लोकेश कुमार वासु की जीवन के संघर्ष पर पढ़ी गयी कविता को सराहा गया कि लम्हे मेरी जिन्दगी के ज्यादातर जमाने के राजनीति मेरे हिस्से में आये हैं। बंटवारा कुछ ऐसे हुआ तकदीर का, हम कमाने के हिस्से में आये हैं। कवयित्री पुष्पा शर्मा ने हिंदू नववर्ष को लेकर कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम ने भी इसी दिन राज्याभिषेक पाया, इससे शुभ है कहां मुहूर्त नव संवत्सर कहलाया। कवि भारत भूषण भीम ने जीवन में धैर्य की महत्ता को स्थापित करते हुए कहा कि हो न यूं मायूस अपनी मुश्किलों से, रंजो गम से खुशनुमा मंजर मिलेंगे। डॉ0 हरिदत्त गौतम, राम कुमार गुप्ता ने भी कविताओं के जरिये हिन्दू नववर्ष की लोगों को शुभ कामनाएं देते हुए कहा, आगामी नववर्ष आपको मंगलमय हो शुभ कर जाये। चाही अनचाही खुशियों से तन-मन घर आंगन भर जाये।

# घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी थाना अंकुर विहार की डीएलएफ कॉलोनी के फ्लैट नम्बर बी-9 के सामने खड़ी बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया और बाइक लेकर फरार हो गए। बाइक मालिक घर से बाहर निकला तो उसके होश उड़ गए, बाइक चोरी हो चुकी थी। बाइक मालिक अजय कुमार ने बताया कि वह अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी कर घर में चला गया, रात 11 बजे बाइक को घर के अंदर खड़ी करने के लिए निकला तो बाइक नहीं थी उसने बाइक चोरी की थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# नगर पंचायत के विकास कार्यों में झोल, 4 इंच की जगह 2 फीट पर डाला सरिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम लगाती नजर आ रही है, प्रदेश में विकास की गंगा बहती नजर आ रही है लेकिन भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। मामला गाजियाबाद के नगर पंचायत डासना का है जहां पर डासना के वार्ड नंबर 9 के चार बीसा में कनीज के घर से रास्ता बन रहा है। जिसमें नाली भी बनाई जा रही है तो नाली में एल टाइप सरिये भी डाले जा रहे हैं जिसकी दूरी 4 इंच होनी थी लेकिन ठेकेदार के मजदूरों द्वारा लगभग डेढ़ से 2 फुट की दूरी पर सरिया डाला जा रहा है जिसको लेकर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को शिकायत की गई तो उन्होंने बताया कि अगर ऐसा कुछ है तो मैं मौके पर पहुंच कर इन लोगों पर कार्रवाई करूंगा और क्षेत्र में कोई भी ठेकेदार सही काम करेगा तो ठीक है नहीं तो उन पर कार्रवाई होगी।





नगर पंचायत के ठेकेदार वकार को फोन किया गया तो उन्होंने बताया कि हमारा जो ठेका हुआ है उसमें 4 इंच पर सरिया डाला जाना है जिसको लेकर हमने मजदूरों से भी 4 से 6 इंच के बीच की दूरी के लिए बोला है लेकिन उन्हें इतनी दूरी पर सरिया नहीं डालना चाहिए मैं मौके पर पहुंच कर देखूंगा और काम सही कराऊंगा।

### ठगी करने वाला फर्जी आईएएस अधिकारी गिरफ्तार

**हापुड़।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने लोगों को कॉल करके खुद को आईएएस अधिकारी बताकर सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को मंगलवार को मेरठ रोड से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से आई-फोन सहित 2 मोबाइल फोन, इनकम टैक्स विभाग की फर्जी रसीदें, आईएएस अधिकारी का फर्जी आई कार्ड, नकदी एवं स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक हापुड़ अभिषेक वर्मा ने बताया कि आरोपी प्रियांस कुमार पुत्र ब्रज किशोर निवासी ग्राम कीनानगर थाना भावनपुर जनपद मेरठ शातिर किस्म का साइबर अपराधी है। जिसके द्वारा सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने के नाम पर अब तक सैकड़ों लोगों के साथ ठगी की जा चुकी है और वह लाखों रुपए की ट्रांजेक्शन कर आर्थिक लाभ कमा चुका हैं।

# अधिक दाम पर केले देने का किया विरोध तो युवक को बेरहमी से पीटा

● तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर रावली कट के पास श्री हंस इंटर कॉलेज के सामने खड़ी ठेली से केला लेने को लेकर हुए विवाद में युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव खिमावती निवासी मोनू मुरादनगर से कार से अपने घर जा रहे थे। जब वह रावली रोड पर पहुंचे तो कार साइड में रोककर केले लेने के लिए एक ठेली पर चले गए। ठेली वाले पहले वाले ग्राहक को 60 रुपए दर्जन केले दे रहा था, जबकि मोनू को 70 रुपए दर्जन बताए। जब मोनू ने अधिक दाम पर केले देने की बात कही तो कहासुनी हो गई। देखते ही देखते बात इतनी बिगड़ी कि ठेली वाले ने अपने साथियों के साथ मिलकर बाट से हमला कर दिया जिस कारण वह गंभीर रुप से घायल हो गए। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मोइन निवासी मुरादनगर व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# लोनी में अतुल गर्ग का स्वागत किया



**लोनी करंट क्राइम।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग का मंगलवार को भाजपा युवा मोर्चा और अग्रवाल समाज के लोगों ने लोनी की इंद्रापुरी कॉलोनी के एक मैरिज होम में भव्य स्वागत किया तथा उन्हें तन मन धन से समर्थन देकर भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया। अतुल गर्ग ने दिल्ली सहारनपुर मार्ग का पुनः निर्माण तथा क्षेत्र की अन्य सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। जबकि स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर तथा पार्टी के जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान ने केन्द्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए गर्ग के पक्ष में मतदान की अपील की। कार्यक्रम का आयोजन पालिका सभासद तथा युवा भाजपा नेता सतेन्द्र बंसल ने किया। कार्यक्रम में भाजपा तथा अग्रवाल समाज के लोगों ने भाग लिया।




# कई दिन टाइट रहेंगे सिटी के हालात



पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन वाला सीन चल रहा है। तो आज यानि बुधवार को नामांकन वाले कार्य स्थल पर अधिक टेंशन वाला माहौल भी रह सकता है। वहीं सूत्रों से जो जानकारी मिली है उसके अनुसार बुधवार की चुनौती के बाद शनिवार का चैलेंज भी पुलिस के लिए कम चुनौतीपूर्ण नहीं रहने वाला है। 6 अप्रैल दिन शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी रोड शो करने के लिए कमिश्नरेट के सिटी वाले जोन में मौजूद रहेंगे। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबा यह रोड शो कमिश्नरेट पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से निबटने के लिए आईपीएस अधिकारियों से लेकर पीपीएस और थाने-चौकी, लाइन के फोर्स के साथ थी अर्ध सैनिक बलों का भी इस्तेमाल किया जाना तय हो चुका है। सुनने में आ रहा है कि अधिकारी लोग एक-एक पॉइंट, कैमरे से लेकर कट और हाई टेंशन तार से लेकर बहुमंजिला इमारत का हाल जानने में लगे हुए हैं। कौन कहां पर कैसे प्रधानमंत्री का स्वागत करने की तैयारी कर रहा है, इसका इनपुट जुटाया जा रहा है। वहीं सुरक्षा के घेरे के लिए मोटी रस्सी और खास टीम को इनपुट दिया जा रहा है। इसी के साथ कमिश्नरेट में सुनने में आ रहा है कि अभी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कमिश्नरेट वाले अधिकारियों की ऑफिशियल मीटिंग नहीं हुई है, जबकि व्हाट्सएप वाले ग्रुप से लेकर व्हाट्सएप वाली कॉल पर तमाम तैयारियां बेहद सुपरफास्ट अंदाज में की जा रही हैं। बुधवार को भी मामला बेहद हाई प्रोफाइल रहने वाला है। खुद रक्षा मंत्री सिंह इज किंग गाजियाबाद के पूर्व सांसद यहां चुनावी सभा को संबोधित करने वाले हैं। उनके कार्यक्रम के लिए मंगलवार को कमिश्नरेट वाले साहब से लेकर नंबर दो वाले और सिटी वाले साहब तक ने पंडाल से लेकर गेट और एग्जिट गेट से लेकर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर, मंच और मंच के आसपास का पूरा हाल जानने के लिए पहुंचे थे। तो वहीं सिटी वाले कोतवाल और एसीपी भी घंटे यहां की तैयारियों का जायजा लेते रहे हैं। कुल मिलाकर अगले कई दिन सिटी जोन पुलिस कमिश्नरेट के लिए चुनौतीपूर्ण रहने वाले हैं। पीएम का चुनाव की घोषणा के बाद पहला रोड शो है वो भी कमिश्नरेट इसलिए इसका महत्व भी बढ़ जाता है।

### गोदाम से चोरी हुए सामान समेत दबोचा


**लोनी करंट क्राइम।** नाही के गोदाम से लोहे की वस्तुएं चोरी कर भाग रहे चोर को गोदाम इंचार्ज ने दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद हो गया। ट्रॉनिका सिटी थाने के अगरोला गांव में संपत के मकान में नाही का गोदाम है। गोदाम इंचार्ज गौरव ने बताया कि 31 मार्च को गोदाम से लोहे का कुछ सामान चोरी हो गया था। उन्होंने चोर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। गौरव ने बताया कि वह चोरी के सामान को ढूंढ रहे थे। इसी दौरान पाबी चर्च के पास एक चोर उनके सामान के साथ घूमता हुआ मिला। उसे दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। आरोपी ने अपना नाम बोसतान निवासी पाबी बताया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

# आईएमएस यूनिवर्सिटी में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस यूनिवर्सिटी में गाजियाबाद जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम श्योर वोट योर च्वाइस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी, विशिष्ट अतिथि अमरजीत सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, पीयूष राय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, आईएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के जनरल सेक्रेटरी सीए डॉ. राकेश छारिया एवं संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित छात्र. छात्राओं को उनके मतदान के लिए जागरूक किया गया। साथ ही वोट के महत्व को बताते हुए सभी को वोट डालने की सलाह दी। छात्र-छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप एवं नो योर कैंडिडेट ऐप के बारे में बताते हुए कहा कि इस ऐप के जरिये हम वोट डालने से पहले अपने कैंडिडेट के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं से मतदान सम्बंधित सवाल पूछे गए एवं छात्र.छात्राओं के मतदान संबधी सवालों के जवाब भी दिए गए। साथ ही एक जिम्मेदार नागरिक बनने एवं वोट डालने के लिए शपथ भी दिलाई गयी।







# बाल्टीमोर : पुल से टकराए मालवाहक जहाज में भरा था जहरीला पदार्थ

## श्रीलंका की सरकार को नहीं पता क्यों आ रहा था कोलंबो

**वशिंगटन।** बीते दिनों एक मालवाहक जहाज अमेरिका के बाल्टीमोर में पुल से टकराकर हादसे का शिकार हो गया था। अब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पुल से टकराने वाले जहाज में जहरीला पदार्थ भरा है और यह जहाज श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह पर आ रहा था। खुलासे के बाद श्रीलंका की सरकार ने कहा है कि उन्हें नहीं पता कि जहाज में क्या जहरीला पदार्थ भरा था। कोलंबो बंदरगाह के अधिकारियों का कहना है कि कोलंबो पहुंचने से 72 घंटे पहले ही जहाज को कंटेनर्स में भरे सामान की जानकारी देनी थी। ऐसे में उन्हें नहीं पता कि जहाज में क्या भरा हुआ था।



### श्रीलंका को जहरीले पदार्थ की नहीं थी कोई जानकारी

मीडिया के खुलासे के बाद श्रीलंका पोर्ट्स अथॉरिटी के अध्यक्ष कीथ बर्नार्ड ने बताया कि जहाज पर लदे सामान की जानकारी बंदरगाह पहुंचने से सिर्फ 72 घंटे पहले दी जाती है। ऐसे में हमें नहीं पता कि जहाज पर कौन सा जहरीला पदार्थ था।

जानकारी मिलने के बाद प्रोटोकॉल के तहत जहरीले पदार्थ वाले कंटेनर्स को अलग रखा जाता। श्रीलंका के भीतर इस जहरीले पदार्थ को भेजने के सवाल पर बर्नार्ड ने कहा कि इसके लिए पहले रक्षा मंत्रालय और अन्य विभागों से मंजूरी लेनी पड़ती।

वहीं श्रीलंका के केंद्रीय पर्यावरण प्राधिकरण के प्रमुख ने कहा कि देश के भीतर इतने जहरीले पदार्थ को ले जाने की मंजूरी नहीं मिलनी थी।

### कोलंबो बंदरगाह के बाद अफ्रीका जाना था जहाज

सिंगापुर के झंडे वाला मालवाहक जहाज डाली, बीती 26 मार्च को अमेरिका के मैरीलैंड राज्य के बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट पुल से टकरा गया था, जिससे पूरा पुल भरभराकर गिर गया था। अमेरिका के मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, जहाज पर 764 टन जहरीला पदार्थ लदा हुआ है और जहरीले पदार्थ से भरे जहाज के 57 कंटेनर न्यूयॉर्क और नॉरफोक वर्जीनिया के बंदरगाह पर रुकने के बाद श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह पर रुकने वाले थे। इसके बाद इस जहाज को दक्षिण अफ्रीका के केप ऑफ गुड होप जाना था, जहां पहुंचने में जहाज को कुल 27 दिन लगते।

अमेरिकी सांसदों ने जताई चिंता, रक्षा मंत्री को लिखा पत्र

# चीन की सैन्य कंपनी अमेरिका में खोल रही शाखा

**वाशिंगटन।** चीन की सैन्य कंपनी बीजीआई, अमेरिका के मैसाच्युसेट्स और केंटुकी में अपनी शाखाएं खोलने की कोशिश कर रही है। इस पर अमेरिकी सांसदों ने गहरी चिंता जताई है और आरोप लगाया है कि नियामक जांच से बचने के लिए चीन की सैन्य कंपनी ऐसा कर रही है। अमेरिकी सांसदों ने इसे लेकर रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन को पत्र लिखा है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से प्रतिस्पर्धा पर नजर रखने वाली अमेरिकी संसद की समिति के अध्यक्ष माइक गैलेघर और समिति के सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने यह पत्र लिखा है।



चीन की बायोटेक कंपनियों पर नजर रखने की मांग

इस पत्र में अमेरिकी सांसदों ने अमेरिका में काम कर रही अन्य चीनी बायोटेक कंपनियों को लेकर भी चिंता जताई। सांसदों का दावा है कि अमेरिका में काम कर रहीं चीन की ये बायोटेक कंपनियां चीनी सेना और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के उद्देश्यों के लिए ही काम कर रही हैं। पत्र में अमेरिकी सांसदों ने रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से वित्तीय वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण कानून की धारा 1312 को लागू करने की अपील की और चीन की बायोटेक (जैव प्रौद्योगिकी) कंपनियों पर नजर रखने की भी मांग की है।

### बायोटेक के क्षेत्र में दबदबा बनाना चाहती है चीनी सेना

अमेरिकी सांसदों माइक गैलेघर और राजा कृष्णमूर्ति ने पत्र में मांग की है कि पेंटागन अमेरिका में काम कर रहीं एमजीआई ग्रुप, कंप्लीट जीनोमिक्स, इनोमिक्स, स्टोमिक्स, ओरिजनसेल, वाजमे बायोटेक और एक्सबायो को चीनी सैन्य कंपनी के रूप में मान्यता दे। दावा किया जा रहा है कि एमजीआई ग्रुप और कंप्लीट जीनोमिक्स कंपनियां चीनी सेना की कंपनी बीजाआई की ही सहायक कंपनियां हैं।

# वाशिंगटन-सिलिकॉन वैली सहित 20 शहरों में भाजपा की कार रैली



**वाशिंगटन।** भारत में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। भाजपा समर्थक देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन कर रहे हैं। भाजपा के विदेशी समर्थकों ने अमेरिका के 20 अलग-अलग शहरों में कार रेलियों का आयोजन किया। उन्होंने भारत के लोगों से भाजपा और भाजपा की सहयोगी पार्टियों को वोट देने का आग्रह किया है, जिससे वे 400 से अधिक सीटों के साथ सत्ता में वापसी करें।

### भाजपा के नारे-बैनर भी लगे

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, द ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी इन यूएस (ओएफबीजेपी-यूएसए) के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी और एनडीए को 400 सीटों के पार देखने के लिए भारतीय-अमेरिकी समुदाय बेहद उत्साहित और प्रेरित है। हम चाहते हैं कि एनडीए लोकसभा चुनाव में अब की बार 400 पार का लक्ष्य हासिल करे। रैली के दौरान कारों पर भाजपा के बैनर, झंडे और नारे- मोदी की गारंटी, तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, अब की बार 400 पार और मोदी 3.0 जैसे संदेश लिखे हुए थे।

### सिख समुदाय ने भी लिया हिस्सा

ओएफबीजेपी-यूएसए के राष्ट्रीय महासचिव वासुदेव पटेल ने बताया कि रैली का आयोजन पूर्वी तट से पश्चिमी तट और उत्तर से दक्षिण तक आयोजित की गई थी। वाशिंगटन डीसी मेट्रो क्षेत्र से लेकर सिलिकॉन वैली तक, रैलियों में प्रभावशाली भीड़ देखी गई।

# स्कॉटलैंड के नए घृणा अपराध कानून का विरोध शुरू

## पीएम ऋषि सुनक ने भी किया समर्थन

**लंदन।** घृणा अपराध के खिलाफ बनाए गए स्कॉटलैंड के नए कानून को लेकर विवाद शुरू हो गया है। हेट क्राइम एंड पब्लिक ऑर्डर (स्कॉटलैंड) एक्ट को स्कॉटलैंड की संसद से साल 2021 में पारित कर दिया गया था, लेकिन इसे अब लागू किया गया है। नए कानून के तहत उम्र, दिव्यांगता, नस्ल, धर्म और लैंगिक पहचान को नए कानून के तहत घृणा अपराध से सुरक्षित किया गया है। हालांकि बोलने की आजादी के अधिकार के तहत इस कानून की तीखी आलोचना भी हो रही है।



### मशहूर लेखिका जेके राउलिंग ने भी नए कानून का किया विरोध

नया कानून विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ नफरत पर प्रतिबंध नहीं लगाता है। सरकार का कहना है कि महिलाओं के खिलाफ नफरत से निपटने के लिए जल्द ही नया कानून लाया जाएगा। हालांकि इस कानून से महिलाओं को बाहर रखने का विरोध हो रहा है। मशहूर लेखक जेके राउलिंग ने भी स्कॉटलैंड के घृणा अपराध कानून की आलोचना की है। साथ ही मशहूर मानवाधिकार कार्यकर्ता पीटर टचेल ने भी इस कानून को लेकर नाराजगी जाहिर की है। मशहूर उद्योगपति एलन मस्क ने भी स्कॉटलैंड के नए कानून को अभिव्यक्ति की आजादी के लिए खतरा बताया है।

### पीएम ऋषि सुनक ने भी जेके राउलिंग का किया समर्थन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी जेके राउलिंग का समर्थन किया है। उन्होंने नए कानून को लेकर कहा कि उनकी पार्टी अभिव्यक्ति की आजादी की हमेशा रक्षा करेगी। सुनक ने कहा कि जीव विज्ञान पर आसान से तथ्य बताने के लिए लोगों को अपराधी नहीं ठहराया जाना चाहिए।

# स्टॉकहोम में कुरान जलाने वाले सलवान मोमिका की मौत, रिपोर्ट में बड़ा दावा

**वाशिंगटन।** सलवान मोमिका जैसा व्यक्ति हर दिन पैदा नहीं होता है। एक इराकी सशस्त्र संगठन का नेता रहा मोमिका इस्लामिक विचारों और मान्यताओं का आलोचक था। पिछले साल कुरान जलाने के बाद दुनियाभर में उसने एक अलग पहचान बना ली थी। अब एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि उसकी संदिग्ध हालातों में मौत हो गई है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। सलवान मोमिका वो शख्स था, जो स्वीडन में बार बार कुरान जला रहा था, जिसकी वजह से दुनिया भर में प्रदर्शन हो चुके हैं।



### कौन हैं सलवान मोमिका?

37 साल का सलवान मोमिका इराकी ईसाई शरणार्थी है। वह अप्रैल 2018 में स्वीडन आया था और अप्रैल 2021 में शरणार्थी का दर्जा मिला था। वह अपने फेसबुक पर खुद को नास्तिक और लेखक बताता था। मोमिका ने साल 2023 में 28 जून को उस वक्त दुनिया को चौंका दिया, जब उन्होंने मुसलमानों की पवित्र पुस्तक कुरान की एक प्रति पर हमला किया और फिर उसे स्टॉकहोम की सबसे बड़ी मस्जिद के सामने जला दिया। उनके एक दोस्त ने इस पूरे दृश्य को फिल्माया था। कुरान को ईद-उल-अजहा के दिन जलाया था। इसकी वजह से पूरी दुनिया में उसकी आलोचना की गई थी।

### सलवान की मौत

एक रेडियो चैनल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मंगलवार को बताया कि सलवान मोमिका की मौत हो चुकी है। हालांकि थोड़ी देर बाद एक और पोस्ट कर बताया कि इस खबर की पुष्टि होने का इंतजार है। उन्होंने कहा कि जिस पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी गई थी, वह अब हटा दिया गया है।

# जापान में भूकंप के तेज झटके

**टोक्यो।** जापान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.1 मापी गई। झटके मंगलवार को उत्तरी जापान के इवाते और आओमोरी प्रान्त में महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र इवाते प्रान्त का उत्तरी तटीय हिस्सा था। इससे पहले, इससे पहले नए साल पर पश्चिमी जापान में आए सिलसिलेवार भूकंप में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। इस दौरान कई इमारतें, वाहन तथा नौकाएं भी क्षतिग्रस्त हो गईं थीं।

अधिकारियों ने भूकंप के खतरे को देखते हुए चेतावनी जारी कर कुछ क्षेत्र में लोगों को अपने घरों से दूर रहने को कहा था। एक जनवरी को इशिकावा प्रांत और आसपास आए भूकंप के करीब 100 झटकों में सर्वाधिक 7.6 तीव्रता का भूकंप भी शामिल था।

# उत्तर कोरिया ने फिर दागी बैलिस्टिक मिसाइल

## जापान के पीएम ने की निंदा



**टोक्यो।** अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने मंगलवार सुबह एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइल दागी। जापान की सेना के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तर कोरिया ने जापान सागर की ओर एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (आईआरबीएम) दागी। यह मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर पानी में जाकर गिरी।

बता दें कि उत्तर कोरिया ने स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजकर 52 मिनट पर एक मिसाइल दागी गई। फिलहाल, विमान या जहाजों को नुकसान पहुंचने की कोई रिपोर्ट नहीं है।

### इस साल का तीसरा बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण

गौरतलब है कि उत्तर कोरिया की तरफ से एक के बाद एक मिसाइल दागने के यह अभ्यास दक्षिण कोरिया के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के उस दावे के बाद आए हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि उत्तर कोरिया एक इन्टरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) दाग सकता है। यह उत्तर कोरिया का इस साल का तीसरा बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण है। सियोल स्थित समाचार एजेंसी का कहना है कि दक्षिण कोरिया के सैन्य अधिकारियों को संदेह है कि यह मिसाइल हाइपरसोनिक वारहेड से लैस थी, जिसने पूर्वी सागर में गिरने से पहले लगभग 570 किलोमीटर की दूरी तय की थी।

### अमेरिका और जापान के साथ जानकारी साझा

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि मंगलवार सुबह 6.53 बजे उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से एक मिसाइल दागने की जानकारी मिली है। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। हमने निगरानी बढ़ा दी है। इसके साथ ही अमेरिका और जापान के साथ जानकारी साझा कर रहे हैं।

### तटरक्षक पोतों को किया सतर्क

मिसाइल दागने की खबर की पुष्टि करते हुए टोक्यो ने तटरक्षक पोतों से सतर्क रहने को कहा है। साथ ही किसी संदिग्ध चीज को देखने पर तुरंत संपर्क करने का आदेश दिया गया है। वहीं, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने घटना की निंदा की।

उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया इस साल बार-बार बैलिस्टिक मिसाइलें दाग रहा है। यह क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है और यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

# लोकसभा चुनाव के बाद सुधर सकते हैं भारत से रिश्ते : ख्वाजा आसिफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने उम्मीद जताई है कि भारत में आम चुनाव के बाद दोनों देशों के रिश्तों में सुधार आ सकता है। ख्वाजा आसिफ का यह बयान भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के उस बयान के बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने सिंगापुर में कहा कि पाकिस्तान में आतंकवाद उद्योग का रूप ले चुका है और अब भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। सोमवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तानी संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने कहा कि 'भारत के साथ हमारे रिश्ते वहां आम चुनाव के बाद सुधर सकते हैं।'



**साल 2019 में बिगड़ गए थे भारत-पाकिस्तान के संबंध :** भारत और पाकिस्तान के संबंध बीते कई वर्षों से खराब है और खासकर 2019 में जब भारत ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का फैसला किया था तो पाकिस्तान ने इस पर आपत्ति जताते हुए भारत से अपने राजदूत को वापस बुला लिया था। तभी से ही दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट जारी है। पाकिस्तान का कहना है कि भारत को पहले जम्मू कश्मीर में लिए गए अपने एकतरफा फैसले को वापस लेना होगा, उसके बाद ही दोनों देशों के संबंध सुधर पाएंगे। हालांकि भारत ने पाकिस्तान की इस सलाह को सिरे से खारिज कर दिया है। भारत का कहना है कि पूरा जम्मू कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग हैं।

# पाकिस्तान में कमजोर सियासत आर्थिक सुधारों के लिए चुनौती, जोखिम बढ़ना तय

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अखबार डॉन की सोमवार को आई रिपोर्ट के अनुसार, देश की सबसे बड़ी चुनौती कमजोर गठबंधन सरकार और चुनावी धोखाधड़ी के आरोपों से पैदा सियासी अस्थिरता के बीच राजकोषीय सुदृढ़ीकरण और सुधार है। वाशिंगटन स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल फाइनेंस (आईआईएफ) के हवाले से छपी इस रिपोर्ट में देश में भयावह आर्थिक संकट के बीच इसे सबसे बड़ी चुनौती बताया गया है।

आईआईएफ वित्तीय संस्थानों का एक वैश्विक संघ है, जिसमें दुनिया के सबसे बड़े वाणिज्यिक-निवेश बैंक, बीमा कंपनियां व निवेश फर्म शामिल हैं। उसने कहा, सबसे बड़ी चुनौती राजकोषीय समेकन से होगी, क्योंकि यह विशेष महत्व का क्षेत्र है।




**अस्थिर राजनीति से जोखिम बढ़ना तय :** आईआईएफ ने कहा, अशांत व अस्थिर राजनीति से पाकिस्तान के सामने जोखिम बढ़ना तय है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, चुनावों के दौरान सेल्यूलर सेवा के निलंबन, परिणाम जारी करने में बड़ी देरी, बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन, घातक बमबारी के कारण देश के भीतर तनाव बढ़ गया है। इससे भी जोखिम बढ़ना तय है।

**पेट्रोल के दाम में बड़ी वृद्धि :** पाक में चौंका देने वाली मुद्रास्फीति के बीच, नवनिर्वाचित सरकार ने अगले पखवाड़े के लिए पेट्रोल की कीमत में 9.66 रुपये (पाकिस्तानी मुद्रा - पीकेआर) प्रति लीटर की वृद्धि कर दी है।

# धोखाधड़ी मामले में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को राहत

## 45.4 करोड़ डॉलर जुर्माने की बजाय महज 17.5 करोड़ डॉलर पड़ा चुकाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब कुछ राहत की सांस ले पाएंगे। उन्होंने सोमवार को न्यूयॉर्क के नागरिक धोखाधड़ी मामले में 17.5 करोड़ डॉलर का जुर्माना चुका दिया है। हालांकि, ट्रंप को 45.4 करोड़ डॉलर यानी करीब 29.46 अरब रुपये का जुर्माना चुकाना था। इस मामले में अदालत में सुनवाई चल रही है।



### ऐसे हुई जुमार्ना राशि कम

पिछले हफ्ते, न्यूयॉर्क की एक अपील अदालत ने 45.4 करोड़ के जुमार्ने में थोड़ी राहत देते हुए राशि घटाकर 17.5 करोड़ डॉलर कर दी थी। साथ ही इसे जमा करने के लिए 10 दिन का समय दिया था। हालांकि, अभी यह साफ नहीं हो पा रहा है कि ट्रंप की जुमार्ना राशि पूरी तरह से कम कर दी गई है या उन्हें यह राशि किस्तों में जमा करवानी है।

**ट्रंप के पास चभ का विकल्प भी नहीं :** इससे पहले, एक रिपोर्ट में ट्रंप की स्थिति से अवगत लोगों के हवाले से बताया गया था कि ट्रंप के सामने परेशानी बढ़ गई है। वह काफी चिंता में हैं क्योंकि जुमार्ने की आधी राशि भी इकट्ठा नहीं कर सके हैं। ट्रंप की कानूनी टीम विभिन्न विकल्पों को तलाशने के लिए बिना रुके दिन-रात काम कर रही है। पहले ट्रंप को बीमा कंपनी चभ से थोड़ी बहुत उम्मीद थी, लेकिन अब यह भी धराशायी हो गई। दरअसल, चभ ने अपने वकीलों को सूचिया किया था कि यह विकल्प अब मौजूद नहीं है।

ट्रंप अब अपनी संपत्तियों को बेचने की योजना बना रहे थे। बताया जा रहा था कि उनकी टीम समर्थकों के पास पहुंच गई है और संपत्ति को जल्दी से बेचने की संभावना पर विचार किया है। रिपोर्ट में कहा गया था कि जुमार्ना चुकाने की तारीख नजदीक आ गई है। 25 मार्च तक ट्रंप को जुमार्ना चुकाना था। इतने बड़े जुमार्ने के कारण उनकी वित्तीय स्थिति के खराब होने की खबरें बाहर आने लगी हैं। इसकी वजह से पूर्व राष्ट्रपति चिंताओं से घिर गए थे।

### फैसले को बताया अवैध

रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप बंद कमरे में इस मामले को लेकर न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स और जज आर्थर एंगोरोन के प्रति निराशा जाहिर की थी। उन्होंने इस फैसले को पूरी तरह से अवैध और गलत करार दिया था। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा किए पोस्ट में अमेरिका की न्याय व्यवस्था पर भी खतरा बताया था।

**ट्रंप ने पोस्ट में न्याय व्यवस्था पर साधा निशाना :** डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था, 'अमेरिका और न्यूयॉर्क की न्याय व्यवस्था खतरे में है और इस पर पक्षपाती और बंटवारे को बढ़ावा देने वाले जज और वकील हैं। ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल टिश जेम्स पर खास तौर पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि टिश जेम्स उन्हें लंबे समय से फंसाने की कोशिशें कर रहे हैं।

### यह है मामला

गौरतलब है, ट्रंप ने 45.4 करोड़ के नागरिक धोखाधड़ी के मामले में अदालत के फैसले के खिलाफ अपील की है। न्यूयॉर्क की अदालत ने फरवरी में अदालत ने उन्हें 35.5 करोड़ डॉलर का जुमार्ना चुकाने का आदेश दिया था, जोकि अब बढ़कर 45.4 करोड़ डॉलर हो गया। अदालत ने ट्रंप के साथ-साथ उनके बेटों को भी सजा सुनाई थी और उन पर भी जुमार्ना लगाया था। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि इतने बड़े जुमार्ने के कारण ट्रंप की वित्तीय स्थिति पर फर्क पड़ सकता है।

# अफगानिस्तान में बारूदी सुरंगों में 10 बच्चों की मौत

## बाढ़ से भी तबाही

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान में बारूदी सुरंगों में विस्फोट का दो अलग-अलग घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा बाढ़ ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। घटनाएं गजनी और हेरात प्रांतों में हुईं। यूनिसेफ ने पीड़ित परिवारों के साथ गहरी संवेदना व्यक्त की है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।



यूएन माइन कार्रवाई सेवा (वठटअर) का कहना है कि अफगानिस्तान में 1989 से अभी तक, बारूदी सुरंगों या युद्ध की शेष बची विस्फोटक सामग्री के फटने से लगभग 44 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। यह संख्या औसतन 110 प्रतिमाह के आसपास नजर आती हैं।

यूनिसेफ ने 2022 के दौरान विस्फोटक सामग्री के प्रभाव पर तैयार की गई रिपोर्ट में ऐसे 700 बच्चों के मामले दर्ज किए हैं, जो या तो अपंग हो गए या उनकी मौत हो गई। ये संख्या औसतन हर दिन लगभग दो बच्चों के बराबर है।

### बाढ़ की तबाही

इस बीच देश में 29 और 30 मार्च को हुई भारी बारिश से आई बाढ़ में सात प्रांतों में 1,500 एकड़ फसल तबाह गई है और लगभग 540 घरों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। उनमें छह पुलों और 450 किलोमाटर लंबी सड़क को नुकसान शामिल है।

# एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए सांसद जनरल वीके सिंह







**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** दिल्ली में आयोजित एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में गाजियाबाद के सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत में विमानन ढांचे को मजबूत आधारशिला देने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महत्वपूर्ण योगदान है। यही कारण है कि बीते 10 वर्षों में प्राधिकरण द्वारा देश में हवाई अड्डों के निर्माण में शानदार प्रगति देखने को मिली है। वीके सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के अटूट विश्वास और कर्तव्यनिष्ठा के कारण आज नागर विमानन क्षेत्र में प्रगतिशील पहचान स्थापित हुई है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा प्राधिकरण से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# निगम के लाइट्स पोलों पर इंटरनेट के तारों का जाल, नगर आयुक्त ने तत्काल कार्रवाई के दिये निर्देश





गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर निगम सीमा अंतर्गत लगे निगम के प्रकाश खम्भों पर बिना किसी अनुमति के अवैध रूप से इंटरनेट के तार बांधे गये हैं, जिससे दुर्घटना के आसार पैदा हो गये हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने प्रकाश विभाग की टीम को दो दिन के भीतर निगम लाइट्स पोल से तारों को हटाने के लिए कहा है जिसके क्रम में विभाग द्वारा कार्रवाई तेज कर दी गई है। प्रकाश प्रभारी आस कुमार आम जनता को आगाह करते हुए बताया कि ऐसे लाइट पोल जिन पर अवैध रूप से इंटरनेट की या अन्य किसी प्रकार के तार बंधे हुए हैं उनको हटाया जाएगा जिसके लिए पूर्व सर्वजन को सूचित किया जा रहा है कि दो दिवस के भीतर अवैध रूप से निगम की स्ट्रीट पोल पर लगे तार हटा लिए जाएं, अन्यथा उसके उपरांत गाजियाबाद नगर निगम की संबंधित टीम द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हापुड़ चुंगी, मेरठ रोड तिराहा, अंबेडकर रोड व अन्य कई रोड पर इंटरनेट की अवैध तारों का जाल फैलता जा रहा है, जिसको गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कड़ी कारवाई करते हुए हटाया जाएगा। क्षेत्रीय पार्षदगण एवं आरडब्ल्यूए पदाधिकारी उक्त अभियान में गाजियाबाद नगर निगम का सहयोग कर रहे हैं।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लोकसभा चुनाव का शुरू हो चुका है प्रचार? सपाइयों ने उठा लिया है डॉली दीदी को चुनाव लड़ाने का बीड़ा, अपने कंधों पर यार? मगर जो खुद को कहते थे सबसे बड़ा अखिलेश वादी? डॉली दीदी के चुनाव में नजर नहीं आ रहे हैं ऐसे समाजवादी? राशिद भइया के अभी तक नहीं हुए हैं चुनाव में दीदार? या तो उन्हें पूछा नहीं जा रहा? या फिर उनके दिल से निकल गया है सपाई होने का विचार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं था लोकसभा वाले भगवा कार्यालय पर मौजूद? यहां पर नजर आ रहा था माननीय जी की रैली में शामिल होने के लिए कई बड़े चेहरों का वजूद? पास वाली प्रक्रिया हो रही थी यहां पर जारी? हम देख रहे थे यहां पर मची हुई थी बहुत ज्यादा मारामारी? इस मारामारी के बीच ताकतवर मैडम शर्मा हो गई अपनी ही बिरादरी वालों पर बहुत ज्यादा नाराज? मामला कुछ इगनोरेंस का था? सवाल लिखे जाने तक इतनी ही बाहर आई थी बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कार्यालय पर पास को लेकर काफी चेहरे नजर आ रहे थे आसपास? सुना है कुंडल वाले भगवा चतुर्वेदी और पार्किंग वाले शर्मा भी कर रहे थे पास लेने का प्रयास? घंटों के प्रयास के बावजूद पास नहीं कर पा रहे थे दोनों प्राप्त? ये इसी से हद से ज्यादा नजदीकियों का सिला मिल रहा था? या फिर व्यस्तताएं बहुत थीं इसलिए इन दोनों को पास नहीं मिल रहा था?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ऑडिटोरियम में जब हुआ कमल और हैंडपंप वालों का संयुक्त प्रोग्राम? हमने देखा फ्रंट पर हैंडपंप वाले और पीछे थे भगवा वाले विराजमान? यहां पर हैंडपंप वाले करा रहे थे अपनी ताकत का एहसास? सुना है क्रांतिकारी क्षेत्र के हाथ में जब आया माइक, तो उनके टोंट कसने वाले थे अल्फाज? सुना है गर्ग साहब ने उनके इन अल्फाजों को किया पूरी बारीकी से नोट? कहा, हम भी मंत्री रह चुके हैं? हमें समझ आ रहा है आपका सपोर्ट? इस पूरे एपिसोड को हर कोई अपने अनुसार कर रहा था नोट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैडम त्यागी धीरे-धीरे पहुंच रही हैं महिला मोर्चा के अध्यक्ष वाले पद के नजदीक? उनका प्रभारी बनना कर रहा है इस बात की तस्दीक? सुना है जब हुई उनके नाम की ये घोषणा? तब क्रॉस वाले एरिये की एक अति सक्रिय भगवा मैडम का मन हो गया अशांत? सुना है वो किसी से कह रही थीं इस घोषणा से हमें नहीं कोई इनकार है? मगर ध्यान हम जैसे चेहरों पर भी देना चाहिए? जिनका सक्रियता वाला किरदार है?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महिला टीम में कमिश्नरी वाली जिम्मेदारी मिलने के बाद मैडम गुप्ता बिल्कुल भी नजर नहीं आ रही हैं खुश? उनका अंदाज दिख रहा था अपनी घोषणा होने के बाद बहुत ही रुष्ट? सुना है वो कमिश्नरी से आगे आकर स्थापित करना चाहती थीं अपनी पहचान? वो जहां थीं उन्हें वहीं पर रोक दिया गया? बस इसी वजह से है उनका मन काफी अशांत?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा गढ़ के क्रांतिकारी गुप्ताजी रखते हैं सभी का ध्यान? जब भी कोई नई जिम्मेदारी लेकर आता है तो वो अपने घर में बनाते हैं उनके स्वागत का प्लान? मगर इस बार उनकी ओर से नहीं दिया जा रहा है इस तरह का कोई भी संदेश? खामोश हो गया है उनका फेस? ये सब क्या वो सोच-समझकर कर रहे हैं? या फिर कर रहे हैं किसी बड़े कार्यक्रम की भूमिका पर विचार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमांडर ये सुनकर उस वक्त रह गए हैरान? जब उन्हें पता चला कि उन्होंने भगवा सिंगल को बताया है संगठन का कोई काम? फिर कहने वाले ने कहा कि अभी तो आप और भी जानकर हो जाएंगे हैरान? दफ्तर वाली सूची से लेकर चुनाव वाली सूची में कहीं भी नहीं है ऑफिशियल रूप से भगवा सिंगल का नाम? सुना है वो पार कर चुके हैं कर्मठता की सारी हदें तमाम? खुद ही ढूंढ़-ढूंढ़कर ला रहे हैं अपने लिए काम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नवयुग वाले मौहल्ले में आज से हो जाएगी चुनावी कार्यालय पर पूरी शिद्दत से गतिविधियां जारी? मगर इस बार पहले की तरह ही क्या नजर आएगी क्षेत्र के शर्मा जी की अदाकारी? सुना है इस बार नहीं दिख रहा है उनमें पहले जैसा जोश? मौजूदा माहौल में उनके अंदाज दिख रहे हैं खामोश? अब तो रेड फेस मैन ही बता सकते हैं इस खामोशी के बारे में बात? क्योंकि शर्मा जी से यादव जी के रिश्ते बताए जाते हैं बहुत ही खास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इस बार जब रहेगा शहर का वो पुराना बाजार चुनावी रौनक से गुलजार? तब शहर वाले गुप्ता जी रखेंगे खुद को इन्वॉल्व होने से थोड़ा दूर? सुना है वार्ड वाले चुनाव में टूट गया था उनका हार्ट? उन्होंने तभी कर दिया था एक्टिव पॉलिटिक्स का बायकॉट? अब वो रखते हैं अपने काम से काम? सुना है वो मतदान वाले दिन घर से निकलेंगे और करेंगे भाजपा के पक्ष में वोट? इससे ज्यादा नहीं करेंगे अब वो किसी को भी सपोर्ट?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा ने लोनी क्षेत्र के मतदाताओं से की समर्थन की अपील





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंगलवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने लोनी विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों का दौरा किया। डॉली शर्मा अपने समर्थकों के साथ विभिन्न गांवों व मुहल्लों में घर-घर जाकर लोगों से मिलीं और कुशलक्षेम पूछते हुए उनकी विभिन्न समस्याओं से अवगत हुईं। उन्होंने जगह जगह बाजारों में भी सघन जनसपंर्क किया। साथ ही सबको आश्वस्त किया कि वो उनकी समस्याओं के समुचित समाधान के लिए सतत संघर्ष करती रहेंगी।

**सपा- कांग्रेस** गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा अपने काफिले के साथ लोनी के उपरकोट गांव निवासी पूर्व बसपा विधायक जाकिर अली के यहां पहुंचीं, जहां उन्हें पुष्पहार पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस मौके पर अकील सभासद वार्ड नम्बर 53 उपरकोट, जफरअली राजू विधायक के भाई, डा. अरशद अली, आदिल प्रधान, खन्ना नगर, फरीद अली, असलम शेर आदि ने भी पुष्पमाला प्रदान कर उनका स्वागत किया। उन्होंने मेन बाजार का भ्रमण किया और हाजी बाबू कुरैशी के आवास पर स्थानीय लोगों से मिलीं, जिनमें फुरकान कुरैशी, डॉ अरसद, इरशाद प्रधान, फरीद अली, हाजी हबीब, सिराज सैफी, जुबेर कुरैशी, इरशाद आदि मौजूद रहे। इसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी लोनी तिराहे के समीप अख्तर चौधरी, तंवर बिल्डर के आवास पर पहुंचीं जहां शेख गनी, रोहिल, फिरोज, शमी आदि ने उनका स्वागत किया। उसके बाद हाजी महबूब चिरौड़ी, डॉ. हर्षदा, लोनी, हारून पहलवान, हाजी रियासत पावी, आलम ट्रॉनिका सिटी के आवास मन्डोला आदि इलाकों का भी भ्रमण किया। मन्डोला, में उन्होंने महिला भजन मंडली द्वारा आयोजित श्रीराम कथा में शिरकत कीं और लोककल्याण हेतु प्रभु सियाराम से आशीर्वाद मांगा।

इस मौके पर गाजियाबाद कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी भी उनके साथ रहे। पूर्व बसपा विधायक शमशाद चौधरी, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अमित शर्मा, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, मोहित शर्मा, सपा नेता राहुल पंडित, अमित यादव, कपिल यादव, सचिन चौधरी, मनोज भारद्वाज, गोलू बाजपेयी, मोनू पंडित, प्यारे चौधरी, नसीम चौधरी आदि दर्जनों लोग जगह जगह पर उनके साथ रहे। इससे पूर्व वह समाजसेवी संस्था प्रखर फाउंडेशन की कार्यकारी प्रमुख और पिरामिड स्पेशलिस्ट श्रीमती नमिता भल्ला से मिलीं, जिन्होंने इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा को जीत का आशीर्वाद प्रदान किया।

# हाउस टैक्स वसूली में निर्धारित लक्ष्य के करीब पहुंचा नगर निगम

## अब तक 295 करोड़ निगम के खाते में आये, नगर आयुक्त ने की अफसरों की सराहना





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** हाउस टैक्स वसूली पिछले वित्तीय वर्ष लगभग 206 करोड़ की वसूली हुई थी इस बार 295 करोड़ की कर वसूली गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की गई है, जिसके लिए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव सिन्हा द्वारा कराए गए कार्यों की सराहना की गई। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 313 करोड़ दिया गया था जिसको पूरा करने का भरसक प्रयास गाजियाबाद नगर निगम के जोनल प्रभारी द्वारा किया गया तथा कड़ी मेहनत करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में कर वसूली की गई, लगभग 17 करोड़ 33 लाख की कर वसूली शेष बची है जिसको पूरा करने के बाद ही गाजियाबाद नगर निगम का लक्ष्य पूरा होगा। वसुंधरा तथा कविनगर जोन ने शत प्रतिशत अपना लक्ष्य पूरा किया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के कार्यकाल में कविनगर जोन द्वारा 58 करोड़ 56 लाख का टारगेट अचीव करते हुए 58 करोड़ 78 लाख की कर वसूली की गई, वसुंधरा जोन द्वारा 124 करोड़ में से 122 करोड़ की कर वसूली की, सिटी जोन द्वारा 62 करोड़ 82 लाख में से लगभग 56 करोड़ की कर वसूली की, विजयनगर जोन का 21 करोड़ लक्ष्य था जिस पर लगभग 18 करोड़ की कर वसूली की गई, मोहन नगर जोन द्वारा 45 करोड़ 90 लाख की कर वसूली के टारगेट पर 39 करोड़ 59 लाख की कर वसूली की गई। नगर आयुक्त द्वारा जोनल प्रभारी की टीम को मोटिवेट किया तथा आगे भी इसी प्रकार वृद्ध स्तर पर निगम हित, शहर हित में लगातार कर वसूली बढ़ाने के कार्य को पूरा करने के लिए निर्देश दिए गए। वसुंधरा के जोनल प्रभारी एसके राय, कविनगर के जोनल प्रभारी राजवीर, मोहननगर के जोनल प्रभारी आरपी सिंह, विजयनगर के जोनल प्रभारी विवेक त्रिपाठी, सिटी जोन के जोनल प्रभारी अंगद गुप्ता व अन्य टीम के कार्यों की सराहना की गई। वसूली में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं आरडब्ल्यूए पदाधिकारी द्वारा भी निगम का सहयोग किया गया जो कि सराहनीय है'

# अप्सरा बॉर्डर पर कूड़ा डालते हुए दिल्ली का ट्रैक्टर नगर निगम ने किया जब्त

## शिकायत मिलते ही महापौर ने अधिकारियों को कार्रवाई के दिये निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देर रात अप्सरा बॉर्डर पर दिल्ली के 2 ट्रैक्टर गाजियाबाद की सीमा में मलवा डाल रहे थे जिसकी शिकायत महापौर को फोन के माध्यम से मिली और तभी महापौर ने शिकायतकर्ता से ट्रैक्टर को पकड़े रहने को कहा। दो में से एक ट्रैक्टर भाग गया एवं एक पकड़ा गया। तत्काल नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं उनकी टीम को फोन कर मौके पर भेजा और ट्रैक्टर पकड़वाया। भीड़ को देख ड्राइवर ट्रैक्टर में चाबी लगी छोड़ भाग गया और ट्रैक्टर को नगर निगम ने अपने कब्जे में लेकर जुमार्ना लगाया जाएगा साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि शहर के लोग जागरूक हैं, रात को फोन आया हमने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर जब्त किया है। महापौर ने कहा कि अपने शहर को किसी भी हाल में गंदा नहीं रहने दिया जाएगा और जो बाहरी लोग इस प्रकार कार्य करेंगे उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, वह दिल्ली का मलबा या कूड़ा हमारे शहर में क्यों डाल रहे हैं अपने शहर को साफ रखेंगे और हमारे शहर को गंदगी से भरा रखेंगे ये गलत बात है। अपने शहर के नगर की साफ सफाई की जिम्मेदारी हम सब की है।

# शहर की जनता को अतुल गर्ग में अपना रहनुमा नजर आता है: विपिन गोयल



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** सेक्टर-23, व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन गोयल ने कहा है कि भाजपा ने शहर विधायक अतुल गर्ग को लोकसभा का टिकट देकर शहर की जनता पर विश्वास किया है, भाजपा हाईकमान के इस विश्वास को गाजियाबाद शहर की जनता टूटने नहीं देगी। विपिन गोयल ने कहा कि अतुल गर्ग की बेदाग छवि रही है, विधायक रहते हुए उन्होंने शहर के विकास की कभी अनदेखी नहीं की। यही कारण है कि शहर की जनता को अतुल गर्ग में अपना रहनुमा नजर आता है।

श्री गोयल ने कहा कि लोकसभा चुनाव जीतकर जब अतुल गर्ग संसद में पहुंचेंगे और केंद्र में मंत्री बनेंगे तब हमारा शहर गाजियाबाद विकास के नये कीर्तिमान हासिल करेगा। विपिन गोयल ने शहर की जनता से अपील की है कि अतुल गर्ग के पक्ष में इस तरह से मतदान करें ताकि लोकसभा की जीत के पिछले सारे रिकार्ड जाएं।

# पार्टी पदाधिकारी व समर्थकों के साथ पर्चा दाखिल किया धीरेन्द्र भदौरिया ने



गाजियाबाद,करंट क्राइम। सुभास पार्टी के गाजियाबाद लोकसभा से प्रत्याशी धीरेंद्र सिंह भदोरिया के नामांकन दाखिल करने में उनके साथ सुभास पार्टी के संस्थापक सतेंद्र यादव तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, मनोज शर्मा, अनिल सिन्हा, विनोद अकेला, रामनरेश ठाकुर, कमल यादव, संजय कुमार ,पन्नालाल प्रसाद, अजय झा, जयप्रकाश झा, प्रमोद सक्सेना ,प्रमोद राजपूत, शैलेंद्र भदोरिया ,अजीत यादव, डीसी माथुर, राजाराम, दीपक सक्सेना समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नामांकन के दौरान उत्साहित कार्यकर्ताओं ने धीरेन्द्र सिंह भदौरिया का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया और सुभासपार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए, परचा दाखिल कराया।

# पार्षदों ने किया जनप्रतिनिधियों का स्वागत





**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** लाजपत नगर मंडल में सभी पार्षदों ने लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, राजेश्वर प्रसाद, साहिबाबाद विस्तारक अमित पटेल का भव्य स्वागत किया। पार्षद मदन राय, राहुल शर्मा, प्रवीण भाटी, प्रमोद राघव, हिमांशु चड्ढा, राम निवास बंसल आदि मौजूद रहे।

# कुआं जल्द हो जाएगा घर में तब्दील, धीरे धीरे हो रहा है कब्जा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में तालाबों, पोखर और कुँओं पर ध्यान देती नजर आ रही है तो वहीं कुछ लोग कब्जा करते नजर आ रहे हैं। देखा जाए तो योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में कई तालाबों का सौंदर्यकरण किया है तो वहीं देखने को मिला है कि गाजियाबाद के कस्बा डासना में वार्ड 13 हनुमान मंदिर निकट कन्या पाठशाला कुएँ पर धीरे धीरे कब्जा होता नजर आ रहा है। इसी तरह डासना के कई कुएँ धीरे धीरे ओझल हो गए। इस कुएं पर पहले तो नल लगाया गया ताकि लोग पानी पी सकें परंतु अब इस पर भी कब्जा होता नजर आ रहा है। लोगों ने इसका विरोध भी किया है पर कुछ लोग धीरे धीरे कब्जा कर हैं। इस तरह के आरोप ग्राम वासियों ने ही लगाए हैं। अब देखना है कि ये कुआं कब्जा मुक्त होता है या नहीं?




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विनीत शर्मा ने फिर से भगवा घर में वापसी की है लेकिन अब उनके शब्द बता रहे हैं कि उन्हें घाव ही वहां से मिला है जहां उनका लगाव ज्यादा था। चुनाव के मौसम में सियासत वालों की यह पोस्ट कुछ तो संदेश दे रही है। जो समझ रहे हैं उनके लिए भी और जो नहीं समझ रहे उनके लिए भी। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।